## खबर संक्षेप



### उमरियापान में नलों से आ रहा गंदा पानी

**उमरियापान।** ग्राम पंचायत उमरियापान में इन दिनों नलों से आ रहा गंदा व दूषित पानी ग्रामीणों के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गया है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कई दिनों से नलों से मटमैला और बदबूदार पानी आ रहा है। इसके बावजूद ग्राम पंचायत और संबंधित जल विभाग द्वारा अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि इस समस्या को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों और अधिकारियों से कई बार मौखिक व लिखित शिकायत की गई, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिला। न तो जल शुद्धिकरण की व्यवस्था दुरुस्त की गई और न ही पाइपलाइन की तकनीकी जांच कराई गई। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि यदि दूषित पानी की आपूर्ति जल्द बंद नहीं की गई तो जलजनित बीमारी हो सकती है। गांव के वरिष्ठ नागरिकों का कहना है कि पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा में लापरवाही सीधे-सीधे जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ है। उन्होंने मांग की है कि पानी के सैंपल की तुरंत जांच कराई जाए, टंकी और पाइपलाइन की साफ-सफाई हो तथा आवश्यक होने पर वैकल्पिक स्वच्छ जल की व्यवस्था की जाये।

### वार्षिक सांस्कृतिक समारोह का आयोजन आज

**कटनी।** वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम क्रोनिया कटनी शहडोल रोड कटनी में स्थित किड्स केयर सीनियर सेकेंडरी स्कूल का 12वां वार्षिक सांस्कृतिक समारोह क्रोनिया 18 जनवरी दिन रविवार शाम 4:30 बजे से प्रांरम्भ होने जा रहा है। कार्यकम में मुख्य अतिथि निखिल स्मनानी चार्टड एंकाउंटडे एंव श्रीमति मंजूषा गौतम फाउन्डर चेयर मैन मुस्कान फाउंडेशन के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ रंगा रंग वार्षिक क्रोनिया 26 में कार्यकम नृत्य गीत संगीत एंव आंनद मेला प्रायोजन किया गया है। सभी गणमान्य नागरिको से अपील है की कार्यकम में पहुंच कर कार्यकम को सफल बनाये।

### माधवनगर में हिन्दू सम्मेलन आज

**कटनी।** माधवनगर क्षेत्र में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन कुंदनदास विद्यालय शान्तिनगर में आज 18 जनवरी को प्रातः 11.30 बजे से किया गया है. कार्यक्रम संयोजक संतोष आहूजा ने बताया कार्यक्रम में क्षेत्र के सभी नागरिक, मातृशक्ति सम्मिलित होंगे व संतों से समर्थ, सशक्त व आत्मनिर्भर भारत बनाने हेतु मार्गदर्शन प्राप्त करेंगे

### सिलौड़ी में भागवत कथा से पूर्व निकाली गई कलश शोभायात्रा



**सिलौंडी।** सिलौंडी में श्री मद भागवत कथा की भव्य कलश यात्रा निकाली गई । वृंदावन के कथावाचक पंडित दिव्य कृष्ण महाराज के मार्गदर्शन में भव्य कलश यात्रा जिला पंचायत सदस्य कविता पंकज राय के घर से शुरू होकर श्री राम मंदिर बाजार मोहल्ला होकर बड़ी मढिया से बालाजी मंदिर से बस स्टैंड होकर कथा स्थल पहुंचे । सतेंद्र राय,रमा राय,जिला पंचायत सदस्य कविता पंकज राय ने सभी मंदिरों का पूजन अर्चन किया । कलश यात्रा में श्री राधा कृष्ण की अनुपम झांकी पूरे गांव का भ्रमण में भगवान के मनमोहन गाने पर श्री राधा कृष्ण नृत्य किया गया जिसने भक्तो का मन मोह लिया। कलश यात्रा में क्षेत्र के लोगों ने बड़ी सख्या में शामिल होकर कलश यात्रा को सफल बनाया।

---

राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्लीमनाबाद में देर शाम हुआ भीषण सड़क हादसा

# कार ने मारी बाइक सवारों को मारी टक्कर, दो युवकों की मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद





राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 पर शनिवार की शाम 8 बजे के आसपास एमपी यूपी ढाबा के सामने बाइक सवारो को सिफ्ट डिजायर कार ने जोरदार टक्कर मारी जिससे बाइक मे सवार दो युवकों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई है।

घटना के संबंध में टी आई सुदेश सुमन ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर 7:30 बजे के आसपास एमपी यूपी ढाबा स्लीमनाबाद के पास कटनी से जबलपुर की ओर जा रही स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक युपी 67 वी 7997 के चालक ने लापरवाही पूर्वक कार चलाते हुए पीछे से हीरो मोटरसाइकिल चला रहे युवक अजय यादव पिता बलराम यादव उम्र 35 वर्ष निवासी मतवारा स्लीमनाबाद व अभिषेक यादव पिता ईश्वरी यादव उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम मटवारा स्लीमनाबाद को जोरदार टक्कर मारी जिससे दोनों के सिर में गंभीर चोट होने के कारण घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

पुलिस ने आरोपी वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया है वही घटना में मृतक के शवों को पोस्टमार्टम हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा है। एक्सीडेंट होने से हाईवे पर लगा जाम-एन एच 30 पर हुए भीषण सड़क हादसे के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लग गया था दोनों और वाहनों की लंबी कतार लग गई लगभग आधे घंटे के बाद जाम खुल पाया वही एंबुलेंस भी लगभग आधे घंटे बाद मौके पर पहुंची। पुलिस ने कार वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

### वैकल्पिक मार्ग नहीं होने की वजह से हुआ हादसा

सड़क दुर्घटना के बाद क्षेत्रीय जनमानस में आक्रोश और तेजी से बढ़ गया है की अंडरग्राउंड नहर का काम चल रहा है और जिसके कारण उन्होंने स्लीमनाबाद के रोड को बंद कर दिया है जिससे लोगों का हाईवे से आना-जाना होता है लगातार स्थानीय जनों और क्षेत्रीय जनो के द्वारा वैकल्पिक मार्ग बनाए जाने की शासन प्रशासन सी मांग की जा रही है परंतु एनवीडीए के अधिकारियों की मनमानी रवैया के परिणाम स्वरूप अब तक वैकल्पिक मार्ग नहीं बना है।

# राखी गांव में घुसा तेंदुआ, ग्रामीणों को किया घायल

संकरी गली में जाकर फंसा, रेस्क्यू टीम के पहुंचने का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



वन परिक्षेत्र बहोरीबंद के बीट कुआं अंतर्गत आने वाले ग्राम राखी में तेंदुआ ने गांव में घुसकर एक व्यक्ति पर हमला कर दिया। तेंदुआ के गांव में होने से हड़कंप मच गया। तेंदुआ के हमले में संतोष काछी नामक व्यक्ति घायल हो गया। ग्रामीणों के अनुसार संतोष काछी पर हमला करने के बाद तेंदुआ भागकर ग्राम पंचायत भवन के सामने स्थित संतोष बसोर और विपिन नायक के मकानों के बीच की एक संकीर्ण गली में जा घुसा। तेंदुआ फिलहाल वहीं फंसा हुआ है, जिससे पूरे इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। लोग घरों के अंदर दुबकने को मजबूर हैं।

ग्रामीणों ने घटना की जानकारी तत्काल वन विभाग को दी। सूचना मिलने के लगभग 2 घंटे बाद वन विभाग के मात्र दो कर्मचारी और पुलिस की डायल 112 मौके पर पहुँची है, जिसमें एक सिपाही और ड्राइवर मौजूद हैं। हालांकि, तेंदुए जैसे हिंसक वन्यजीव को पकड़ने के लिए यह बल नाकाफी साबित हो रहा है। इतनी बड़ी घटना होने के बावजूद तत्काल रेस्क्यू शुरू नहीं हो सका है। बहोरीबंद वन परिक्षेत्र और कटनी वन मंडल के पास अपनी कोई विशेषज्ञ रेस्क्यू टीम उपलब्ध नहीं है।

स्थानीय प्रशासन ने उच्च अधिकारियों और अन्य मंडलों की रेस्क्यू टीम को सूचना भेजी है। जब तक विशेषज्ञ टीम पिंजरे और ट्रेंकुलाइजर गन के साथ नहीं पहुँचती, तब तक तेंदुए को सुरक्षित पकड़ना एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। खबर लिखे जाने तक रेस्क्यू टीम गांव में नहीं पहुंच पाई थी।

*अतिक्रमण की वजह से हादसे होने की बनी रहती हे आशंका*

# बिलहरी मोड़ ब्लैक स्पॉट से 6 अवैध स्थाई अतिक्रमणों को हटाने की हुई कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नागरिकों को सुगम, सुचारू एवं सुरक्षित आवागमन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर निगम कटनी के अतिक्रमण दस्ते द्वारा शनिवार प्रातः बिलहरी मोड़ स्थित ब्लैक स्पॉट पॉइंट पर मुख्य सड़क के किनारे स्थित 6 स्थाई अवैध अतिक्रमण को हटाने बड़ी कार्रवाई की गई।

अतिक्रमण प्रभारी मानेंद्र सिंह ने बताया कि अभियान के दौरान सड़क किनारे किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाया गया, जिससे यातायात बाधित हो रहा था और दुर्घटना की आशंका बनी रहती थी।

निगम प्रशासन उक्त अतिक्रमण के संबंध में शिकायत प्राप्त होने पर पूर्व में संबंधित दुकानदारों को दी गई समझाइश के बावजूद शनिवार निरीक्षण के दौरान अतिक्रमण पाए जाने पर दस्ते द्वारा दुकानदारों को सूचित किया गया तथा पर्याप्त समय दिया जाकर कार्रवाई करते हुए स्थल पर अनधिकृत रूप से रखे टपरे एवं अन्य अवैध संरचनाओं को हटवाते हुए मार्ग को पूरी तरह से मुक्त कराया गया। इस कार्रवाई से उक्त क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुचारू हुई तथा आम नागरिकों को सुरक्षित आवागमन में सुविधा मिल सकेगी।

नगर निगम प्रशासन ने नागरिकों एवं व्यापारियों से अपील की है कि सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण न करें और नगर को सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित बनाए रखने में निगम प्रशासन का सहयोग करें।

सुगम आवागमन की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से अतिक्रमण विभाग को रोजाना अभियान चलाकर सार्वजनिक मार्ग से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए है।जिसके अनुपालन में निगम की अतिक्रमण टीम द्वारा नगर के मुख्य मार्गों पर अभियान चलाकर दुकान के आगे फुटपाथ पर सामान रखकर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों, हाथ ठेला चालक, नो पार्किंग के वाहन खड़ा करने सहित आवागमन को बाधित करने वाले अन्य जनों को सख्त हिदायत देते हुए निरंतर जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है।

# चक्काजाम से 3 घंटे बाधित रहा आवागमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



स्लीमनाबाद तहसील की ग्राम पंचायत कौड़िया के आश्रित ग्राम धनवाही में शनिवार की सुबह ग्रामीणों ने अवैध शराब बिक्री ओर गंभीर पेयजल संकट को लेकर चक्काजाम कर दिया। सैकड़ो पुरुषो ओर महिलाओं ने सड़क पर बैठकर प्रदर्शन किया जिससे लगभग 3 घंटे तक स्लीमनाबाद -बहोरीबंद मार्ग पर आवागमन बाधित रहा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गाँव मै लम्बे समय से अवैध शराब की बिक्री हो रही है, जिससे सामाजिक माहौल बिगड रहा है। इसके अतिरिक्त पेयजल की गंभीर समस्या से स्थिति को ओर भी जटिल बना दिया है!उन्हें पीने के पानी के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। इस समस्या का कोई समाधान नही निकला है।

चक्काजाम की सूचना मिलते ही तहसीलदार सारिका रावत, थाना प्रभारी सुदेश सुमन मौके पर पहुंचें। अधिकारियो ने प्रदर्शनकारी ग्रामीणों से बातचीत की ओर उन्हें अवैध शराब के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने तथा पेयजल समस्या का शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया। पेयजल समस्या निदान के लिए मौक़े पर सरपंच व सचिव को निर्देशित किया गया। प्रशासनिक अधिकारियो की समझाइश ओर दिए गये आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने सुबह 10:30 बजे चक्काजाम समाप्त कर दिया ओर अल्टीमेटम भी दिया कि उनकी उक्त मांगो पर जल्द समाधान नही हुआ तो उग्र आंदोलन करने विवश होंगे। इसके बाद मार्ग पर आवागमन सुचारु रूप चालू हुआ।

# दो दिन में आवागमन के लिए वैकल्पिक मार्ग नहीं बनाया तो होगा आंदोलन, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



स्लीमनाबाद में टनल खुदाई कार्य के चलते पुराने हाइवे मार्ग को 10 जनवरी की रात से उक्त मार्ग पर टनल निर्माण कम्पनी के द्वारा मिट्टी डालकर आवागमन बंद कर दिया गया है लेकिन कोई वैकल्पिक मार्ग आसपास से नही बनाया गया जिस कारण स्थानीय रहवासियों को आवागमन में बड़ी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। पुराने हाइवे से आवागमन बंद होने से स्थानीय रहवासियों के सामने उपजी समस्या को लेकर शनिवार को जिला पंचायत सदस्य पंडित प्रदीप के साथ स्थानीय रहवासियों ने दो दिवस में वैकल्पिक मार्ग बनाये जाने को लेकर कलेक्टर के नाम तहसीलदार सारिका रावत को ज्ञापन सौपा।

ज्ञापन के माध्यम से मांग कि गईं कि स्लीमनाबाद में महाविद्यालय, अस्पताल, हायर सेकेण्डरी स्कूल, विद्युत विभाग, पोस्ट ऑफिस, तहसील कार्यालय, थाना, बैंक सहित अन्य शासकीय कार्यलय है जिस कारण अपने कामकाज को लेकर प्रतिदिन लोगों का आना रहता है। फोरलेन मार्ग से 4 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है साथ ही फोरलेन मार्ग में वाहनों की भारी आवाजाही से आवागमन करना दुशवार है। इसलिए दो दिवस मे पुराने हाइवे के आस पास से वैकल्पिक मार्ग बनाया जाये, नही तो उग्र आंदोलन होगा।

इस दौरान बिनोद दुबे, राकेश साहू, आकेश जैन, आदित्य दुबे, नितिन अग्रहरि, रघुनाथ सिंह, प्रेमलाल पाठक, सविनय तिवारी,अरविंद अग्रहरि, रामलाल सेन, मनी मोहन गुप्ता, निक्की, राहुल, कमलेश, मनोज सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रही।

*स्लीमनाबाद तहसील के ग्राम कौड़िया का मामला*

# सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर कृषि कार्य करने हजारों पेड़ -पौधो की कर दी गईं कटाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



स्लीमनाबाद तहसील की ग्राम पंचायत कौड़िया में खसरा नंबर 1753 जो कि छोटे झाड का जंगल है, जहाँ वन विभाग के द्वारा वृहद स्तर पर पौधेरोपण किया गया था। उक्त सरकारी नर्सरी पर लगे हजारों हरे भरे पेड़ पौधो का कत्लेआम कर दिया गया जिससे चारो ओर हरियाली से आच्छादित नर्सरी अब वीरान लग रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि कौड़िया स्थित भूमि खसरा न.1753 जिसका रकबा 8 से 10 एकड़ के आसपास है। उक्त खसरा नंबर पर वन विभाग द्वारा गड्ढे खोदकर पौधेरोपण किया गया था जिसमें आम, अमरुद, सागौन, बांस आदि पौधे लगाए गए थे जो पेड़ के आकार मै परिवर्तित होने लगे थे लेकिन वर्तमान में गाँव के कुछ लोगों की मिलीभगत से बाहरी व्यक्तियों के द्वारा दबँगता पूर्वक सरकारी नर्सरी के अंदर के पेड़ पौधे काटकर भूमि की सफाई कर खेती के लिए कब्जा किया जा रहा है।

उक्त खसरा नंबर के आसपास अनवर खान व भोला मौर्य के द्वारा जमीन खरीदी गईं है, जिनके द्वारा सरकारी भूमि पर भी कब्जा किया जा रहा है ओर खेती करने सरकारी नर्सरी से हरे भरे पेड़ पौधो का कत्लेआम किया गया है!यदि जल्द से जल्द इन अवैध कब्जा करने वाले लोगों पर कार्रवाई नहीं की जाती तो फिर पूरी सरकारी नर्सरी से पेड़ -पौधे काटकर अलग कर दिए जायेंगे।

### इनका कहना है

इस संबंध में तहसीलदार सारिका रावत का कहना है कि ग्राम पंचायत कौड़िया में सरकारी नर्सरी से पेड़ पौधो को काटकर खेती करने सरकारी भूमि पर कब्जा करने का मामला संज्ञान में आया है। हल्का पटवारी को जाँच के लिए आदेशित किया गया है। जाँच प्रतिवेदन उपरांत सरकारी नर्सरी पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के साथ अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

वहीं वन परिक्षेत्र अधिकारी देवेश गौतम ने कहा कि कौड़िया में वन विभाग के द्वारा रोपित पौधेरोपण की कटाई का मामला संज्ञान में आया है। टीम को मौके पर भेजकर जाँच कराई जाएगी।

प्रदेश सरकार पर वादा खिलाफी करने का आरोप

# जिले में पीपीपी मॉडल पर मेडिकल कॉलेज का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शहर में राज्य सरकार द्वारा मेडिकल कॉलेज को पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (PPP) मॉडल पर शुरू करने के फैसले के खिलाफ शनिवार को रैली निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए इस फैसले को तत्काल वापस लेने की मांग की है। आंदोलन की शुरुआत कटनी स्टेशन स्थित दिलबहार चौक से हुई, जहाँ समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं, विभिन्न सामाजिक संगठनों और स्थानीय नागरिकों ने काले झंडे दिखाकर विरोध दर्ज कराया। रैली शहर के प्रमुख मार्गों जैसे स्टेशन चौराहा, सुभाष चौक और कचहरी चौराहा से होते हुए अस्पताल चौराहे पर संपन्न हुई। पूरे रास्ते प्रदर्शनकारी 'मेडिकल कॉलेज हमारा हक है' और 'पीपीपी मॉडल वापस लो' के नारे लगाते रहे।

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि सरकार ने कटनी की जनता से पूर्णतः सरकारी मेडिकल कॉलेज का वादा किया था। अब इसे निजी हाथों में सौंपने की कोशिश की जा रही है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वक्ताओं ने कहा कि निजीकरण से शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं महंगी होंगी, जो गरीब और मध्यम वर्ग के साथ अन्याय है।

### 20 जनवरी को 'कटनी बंद' की घोषणा

आंदोलन के दौरान सामाजिक संगठनों और सपा कार्यकर्ताओं ने कड़ा रुख अपनाते हुए 20 जनवरी को 'कटनी बंद' का आह्वान किया है। आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने अपना फैसला नहीं बदला तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। जरूरत पड़ने पर 'मिशन मोड' में सड़कों पर उतरकर संघर्ष किया जाएगा। कटनी की जमीन पर केवल और केवल सरकारी मेडिकल कॉलेज ही बनेगा।

### 6 केन्द्रां में हुई ओलंपियाड की जिला स्तरीय परीक्षा

**कटनी।** जिले में जिला स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा का आयोजन छः परीक्षा केंद्रों में 16 जनवरी एवं 17 जनवरी को हुआ। कक्षा 2 से 3 में हिंदी में 204 में से 163, अंग्रेजी में 167,गणित में 168 कक्षा 4 से 5 में हिंदी में 204में से 178,अंग्रेजी में 175,गणित में 172,पर्यावरण में181,कक्षा 6से 8 में हिंदी में 306में से 268,अंग्रेजी में 277,संस्कृत में 279,विज्ञान में 283,गणित में 283,सामाजिक विज्ञान 275 विद्यार्थी प्रत्येक जनशिक्षा केंद्र से चयनित होकर शामिल हुए। परीक्षा की सतत मानीटरिंग जिला परियोजना समन्वयक प्रेमनारायण तिवारी, एपीसी सुबरन सिंह राजपूत के साथ समस्त एपीसी, बीआरसीसी, बीएसी एवं जनशिक्षकों ने की।

# आनलाइन गेमिंग की लत और खुदकुशी, जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्लीमनाबाद थाने के ग्राम बंधी स्टेशन में एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की घटना सामने आई हैं। आत्महत्या की वजह ऑनलाइन गेमिंग की लत और उसके कारण चढ़ा लाखों का कर्ज बताया जा रहा है। हालांकि पुलिस मामले की जांच कर रही है। अभी इन तथ्यों को लेकर कुछ भी नहीं बोल रही। SDOP आकांक्षा चतुर्वेदी का कहना हैं कि अभी जांच हो रही जो भी तथ्य आएंगे, उसके अनुसार कारवाई होगी।

सूत्रों और ग्रामीणों के बीच चर्चा है कि आत्महत्या करने वाला युवक लंबे समय से ऑनलाइन गेमिंग का आदी था। गेम में पैसे लगाने की लत के कारण वह धीरे-धीरे कर्ज के दलदल में फंसता चला गया। बताया जा रहा है कि उसने स्थानीय स्तर पर विभिन्न लोगों से लाखों रुपये ब्याज पर उधार लिए थे। भारी-भरकम ब्याज और मूल रकम न चुका पाने के मानसिक तनाव के कारण युवक ने यह आत्मघाती कदम उठाया। पुलिस ने बीएनएसएस की धारा 194 के तहत मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब इस बात की तस्दीक कर रही है कि क्या युवक को कर्ज देने वाले लोग उस पर दबाव बना रहे थे। परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि क्या आत्महत्या से पहले कोई सुसाइड नोट या अन्य साक्ष्य मिले हैं। मामला जांच में है।

## खबर संक्षेप



### रेत के अवैध परिवहन पर ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**उमरियापान।** तहसील क्षेत्र ढीमरखेड़ा में रेत का अवैध खनन एवं परिवहन लगातार जारी है। रेत कारोबार से जुड़े लोग दिन-रात अवैध रूप से रेत का उत्खनन कर खुलेआम परिवहन कर रहे हैं। इसी क्रम में उमरियापान पुलिस ने बुधवार को वाहन चेकिंग के दौरान कार्रवाई करते हुए रेत से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है।एएसआई कोदूलाल दाहिया द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान एक लाल रंग की ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोका गया। ट्रॉली में रेत भरी होने पर चालक से रेत परिवहन से संबंधित दस्तावेज मांगे गए। चालक कोई भी कागजात नहीं दिखा सका। दस्तावेजों के अभाव में पुलिस ने रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर थाना परिसर में खड़ा कराते हुए वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अवैध रेत कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है।

### दुष्कर्म के आरोपित को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**कटनी।** बिलहरी चौकी पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। थाना कुठला में दर्ज अपराध क्रमांक 10/26, धारा 64(1), 296, 115(2), 351(2), 351(3) बीएनएस के तहत फरार चल रहे आरोपी गोलू उर्फ रामकृष्ण चौधरी पिता विनोद चौधरी 22 वर्ष निवासी ग्राम बड़गांव थाना कुठला के पन्ना जिले में छिपे होने की सूचना पुलिस को प्राप्त हुई थी। सूचना को गंभीरता से लेते हुए चौकी प्रभारी बिलहरी उप निरीक्षक सुयश पाण्डेय द्वारा तत्काल एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर दबिश दी,आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### प्राथमिक शाला मंगेली के बच्चों को बांटे स्वेटर-टोपा



**उमरियापान।** जनपद शिक्षा केंद्र ढीमरखेड़ा की शासकीय प्राथमिक शाला मंगेली के सभी अध्ययनरत विद्यार्थियों को सर्दी से राहत देने के उद्देश्य से स्वेटर एवं टोपा वितरित किए गए। समाजसेवी पूर्व सरपंच श्रीमती सुनीता/ कल्लू पटेल एवं ओम प्रकाश यादव द्वारा किया गया। स्वेटर एवं टोपा पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। समाजसेवी सुनीता पटेल जरूरतमंद बच्चों की सहायता के साथ शिक्षा और बच्चों के बेहतर भविष्य को लेकर संवेदनशील हैं। ओम प्रकाश यादव ने बताया कि जरूरतमंद बच्चों की मदद करना ही इस पहल का मुख्य उद्देश्य है, ताकि कोई भी बच्चा ठंड के कारण अपनी पढ़ाई से वंचित न रहे। इस दौरान जन शिक्षक रविन्द्र दुबे,अनिल पटेल, सविता मेश्राम ध्यान बाई, राधा बाई उपस्थित थी। शाला प्रभारी सूर्यकांत त्रिपाठी ने दानदाताओं की सराहना करते हुए दोनों का आभार व्यक्त किया है।

### किसान 31 जनवरी तक कर सकेंगे उपज विक्रय

**कटनी।** रानी दुर्गावती श्री अन्न प्रोत्साहन योजनांतर्गत जिले में समर्थन मूल्य पर कोदो-कुटकी के उपार्जन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। अब किसान 31 जनवरी तक अपनी उपज का विक्रय कर सकेंगे। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर कोदो-कुटकी की खरीदी के लिये जिले के बड़वारा विकासखंड के लिये ग्राम मझगवां में उपार्जन केन्द्र बनाया गया है। इस उपार्जन केन्द्र का संचालन संगम वी. डी. कृषक उत्पादक संगठन द्वारा किया जा रह है। जिले के 309 किसानों ने ई-उपार्जन पोर्टल पर अपनी फसल बेचने के लिये पंजीन कराया है। श्रीअन्न उत्पादक जिले के कृषकों से श्रीअन्न कंसोर्टियम ऑफ फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड (श्रीअन्न फेडरेशन) द्वारा कोदो-कुटकी का उपार्जन किया किया जा रहा है।

---

#### जगन्नाथ चौक से घंटाघर सड़क चौड़ीकरण एवं निर्माण कार्य शीघ्र होगा प्रारंभ

# बैंकों में नहीं पार्किंग की व्यवस्था, नोटिस जारी करने एवं कार्यवाही के दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नगर पालिक निगम में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी की अध्यक्षता में मेयर इन काउंसिल की बैठक आयोजित की गई। अधिक प्रस्ताव होने के कारण तीन दिवस तक चली इस बैठक में अधोसंरचना विकास, सुदृढ़ीकरण एवं नगर के सौंदर्यीकरण सहित जनहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण प्रस्तावों एवं विषयों पर विस्तार पूर्वक विचार-विमर्श किया जाकर स्वीकृति प्रदान की गई। वहीं नगर निगम कार्यों को व्यवस्थित एवं सुचारू रूप से संचालित करने हेतु विभिन्न विभागों में पदस्थ कर्मचारियों संबंधी प्रस्तुत एक दर्जन से अधिक प्रस्तावों पर विचार विमर्श किया जाकर सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की जाकर पुष्टि की गई। बैठक में ग्राम झिंझरी वार्ड क्रमांक 44 में आवासीय एवं व्यावसायिक योजना क्रमांक 6 अंतर्गत न्यू कलेक्ट्रेट जबलपुर रोड कटनी के सामने नवनिर्मित नवीन काम्पलेक्स की दुकान, हाल की ई-नीलामी निविदाओं में प्राप्त दर की स्वीकृति एवं शेष दुकानों एवं हाल की पुनः नीलामी कराये जाने के संबंध प्रस्ताव पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।

नगर के विभिन्न स्थलों की सड़कों पर 69.73 लाख रुपये की लागत से पेंच मरम्मत कार्य कराये जाने के प्रस्तुत प्रस्ताव पर एकमतेन होकर स्वीकृति प्रदान की गई।

### महत्वपूर्ण विषयों पर हुई चर्चा

बैठक के दौरान नगर विकास के अन्य विषयों एवं प्रस्तावों के तहत सिटी चौपाटी के निर्माणाधीन कार्य को पूर्ण करानें में आ रही राजस्व संबंधी समस्याओं के शीघ्र निराकरण करते हुए छोटे दुकानदारों के हितों को ध्यान में रखकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। नगर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने संबंधी विषय पर नगर के विभिन्न बैंकों में पार्किंग व्यवस्था में सुधार लाने हेतु संबंधितों को नोटिस जारी कर नियमानुसार कार्यवाही करें तथा स्टेशन रोड मुख्य बाजार में सेंट्रल डिवाइडर एवं सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव तैयार के निर्देश अधिकारियों को दिए गए।

निगम के ए रविन्द्र राव स्कूल को अंग्रेजी माध्यम में संचालित करने में आ रही समस्याओं के निराकरण हेतु नगर निगम एवं शिक्षा विभाग की समिति गठित कर शीघ्रता से कार्यवाही करने, जगन्नाथ चौक से घंटाघर मार्ग चौड़ीकरण में आ रही बाधाओं का राजस्व विभाग एवं नगर निगम के अधिकारियों का दल गठित शीघ्रता से कार्यवाही कर नागरिकों को सुगम आवागमन मुहैया कराने सहित नगर को और भी सुंदर एवं स्वच्छ बनाने हेतु कबाड़ से जुगाड अंतर्गत सौंदर्यीकरण कराने, गौ वंशों के भोजन हेतु वाहन की व्यवस्था करने, कांजी हाउस की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने सहित सफाई नियमों का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना अधिरोपित करने संबंधी विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाकर आवश्यक निर्णय लिए गए। इसके अलावा सुगम आवागमन को दृष्टिगत रखते हुए सागर पुलिया से लक्ष्मी पान भंडार तक मार्ग का निर्माण कराने, अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही हेतु संसाधनों को मुहैया कराकर यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने, नगर निगम कार्यालय में निर्मित कॉल सेंटर की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने, हॉकर्स जोन हेतु नवीन स्थलों का चयन करने, ट्रांसपोर्ट नगर योजना के व्यवस्थित संचालन हेतु की जा रही कार्यवाही में गति लाने, आईएचएसडीपी योजना योजनांतर्गत पात्र हितग्राहियों को भवन आवंटन की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने, शासकीय योजनाओं का पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने सहित नगर विकास एवं जनहित के अन्य प्रस्तावों पर चर्चा कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

---



## विद्यार्थियों को दिया गया पपीता उत्पादन का तकनीकी प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विद्यार्थियों को जैविक खेती के अंतर्गत पपीता उत्पादन का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार बाजपेई के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. व्ही के द्विवेदी के सहयोग से जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि पपीता में एक वर्ष के भीतर फल प्राप्त होते हैं। इसमें प्रोटीन, विटामिन तथा कार्बोहाइड्रेट पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है। पपीता औषधीय गुणों के कारण पेट, हृदय एवं पीलिया रोग में लाभकारी है। पपीते से जैम, जेली, मुरब्बा और सीरप तैयार किया जाता है। प्रति पौधा 40 से 50 फल प्रतिवर्ष उपज प्राप्त होती है। परंपरागत किस्म का 500 ग्राम एवं उन्नत किस्म का 300 ग्राम बीज प्रति हेक्टेयर आवश्यकता होती है।

साथ ही प्रशिक्षक श्री दुबे द्वारा वैज्ञानिक पद्धति से उन्नत कृषि कार्यमाला अपना कर अधिक उपज प्राप्त करने के लिए इसके महत्व, जलवायु, भूमि, उन्नतशील जातियां, खेत की तैयारी, पौधा तैयार करना, पौधे लगाना, जैविक खाद का उपयोग, सिंचाई, निंदाई-गुड़ाई, अंतर्वर्तीय खेती, फलों को तोड़ना एवं विपणन, उपज, कीट एवं रोग तथा उनके नियंत्रण का प्रशिक्षण दिया गया।

इसके अलावा विद्यार्थियों को महाविद्यालय के वनस्पति उद्यान का भ्रमण कराया गया और इसके अंतर्गत जैविक सब्जी, औषधीय पौधे एवं चार गड्ढा विधि से केंचुआ खाद निर्माण का अवलोकन एवं तकनीकी जानकारी दी गई।

---

*हरिदास ब्रजधाम कोहका में सात दिवसीय बसंतोत्सव हुआ प्रारंभ*

## भागवत कथा श्रवण से मिलता है सभी तीर्थों का फल, निकली कलश शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



आस्था के द्वार हरिदास ब्रजधाम कोहका में सात दिवसीय बसंतोत्सव पर्व का आगाज भव्य कलश शोभायात्रा के साथ शनिवार से हो गया। कलश शोभायात्रा स्लीमनाबाद तिराहा से प्रारम्भ हुई। सिर पर मंगल कलश धारण कर बालिकाएं व महिलाये चल रही थी साथ ही राम नाम संकीर्तन की धुन गुंजायमान हो रही थी। नगर का भ्रमण करते हुए शोभायात्रा हरिदास ब्रजधाम मंदिर पहुंची।जहा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच सप्ताह ज्ञान यज्ञ शुरू हुआ। सप्ताह ज्ञान यज्ञ के प्रथम दिवस कथा वाचक पंडित रमाकांत पौराणिक ने कहा कि जहां भागवत कथा होती है वहां समस्त तीर्थों का, समस्त नदियों का ,समस्त पवित्र क्षेत्रों का आगमन होता है। भागवत कथा में जाने से सारे तीर्थों का स्नान करने का पुण्य प्राप्त हो जाता है। श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण अवसर मनुष्य को बड़े पुण्य से प्राप्त होता है एवं इसके श्रवण मात्र से व्यक्ति की सभी जरूरतें परमात्मा पूर्ण करते हैं। जैसे कल्पवृक्ष के नीचे जाने से सारी कल्पनाएं हकीकत में बदल जाती है वैसे ही श्रीमद्भागवत का श्रवण कलयुग में साक्षात कल्पवृक्ष है जो हमारी सभी इच्छाओं को पूर्ण करता है। जब जीवन में करोड़ों जन्मों का पुण्य उदय होता है तब भागवत कथा में जाने का अवसर प्राप्त होता है। भागवत सप्ताह से हमारा चिंतन, हमारा मनन, हमारी सोच, हमारी मन स्थितियां बदलती है।

मंदिर समिति ने बताया कि विश्व कल्याण की कामना को लेकर सात दिवसीय बसंतोत्सव पर्व का आगाज हरिदास ब्रजधाम में आगाज शनिवार से हो गया। सात दिनों तक विविध प्रकार के भक्तिमय कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। हरिदास ब्रजधाम में भक्तो का तांता बड़ी संख्या मे मत्था टेकने पहुचेंगे।

23 जनवरी को बसंतपंचमी के पावन अवसर पर बसन्तोत्सव पर्व मनाया जाएगा। दिनभर धार्मिक आयोजन और मध्यरात्रि में विश्व कल्याण की कामना को लेकर धर्म ध्वजा अर्पित करते हुए प्रातःकाल हरिदास जी महाराज की सखियों के द्वारा रासलीला की जाएगी। बसंत पंचमी के अवसर पर दूसरे राज्यो से भी लोग पहुँचते है।

---

### सीसी रोड निर्माण में अनियमितताओं की जांच कराने की मांग



ग्राम पंचायत उमरिया पान में निर्माण कार्यों में अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। इस संबंध में ग्रामीणों ने कलेक्टर कटनी को आवेदन सौंपते हुए मामले की पुनः निष्पक्ष जांच कराने की मांग की गई है। शिकायत में कहा है कि पूर्व में ग्राम पंचायत उमरिया पान में शिकायत के आधार पर जांच कराई गई थी, जिसमें निर्माण कार्य कराने वाली ग्राम पंचायत को दोषी पाया गया। शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया गया है कि वार्ड क्रमांक 11 व 12 एवं 04 और 05 में सीसी रोड निर्माण कार्य सड़क के ऊपर ही कराया जा रहा है। आरोप है कि सीसी रोड के नाम पर सरकारी राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जहा सड़क निर्माण की आवश्यकता है वहाँ निर्माण कार्य नहीं कराना चाहिए। ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग की है कि पूरे प्रकरण की बिंदुवार पुनः जांच कराई जाए, ताकि वास्तविक स्थिति सामने आ सके और दोषियों पर कार्रवाई हो सके। इस संबंध में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरसिमरनप्रीत कौर का कहना हैं कि टीम गठित कराकर नियमानुसार जांच कार्यवाही की जाएगी।

---

## जिले में गणतंत्र दिवस समारोह के लिए अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में हर्षोल्लास से उत्साहपूर्वक गणतंत्रता दिवस मनाया जायेगा। मुख्य समारोह के आयोजन के लिये जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां की जा रही है। इस संबंध में कलेक्टर श्री आशीष तिवारी के निर्देश पर अधिकारियों को कार्य दायित्व सौंपें जाकर समारोह की व्यवस्थाओं के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह प्रातः 9 बजे पुलिस लाइन ग्राउंड, झिंझरी में आयोजित किया जाएगा। समारोह में परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और विभिन्न विभागों की झांकियों का प्रदर्शन मुख्य आकर्षण होगा। परेड के मूल्यांकन के लिए जिला सैनिक कल्याण बोर्ड को सेवानिवृत्त द्वितीय श्रेणी सैन्य अधिकारियों का निर्णायक मंडल गठित करने के निर्देश दिए गए हैं।

मुख्य समारोह से पूर्व प्रातः 7:45 बजे कलेक्ट्रेट परिसर और प्रातः 8 बजे कलेक्टर निवास पर ध्वजारोहण किया जाएगा। इन कार्यक्रमों में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा राष्ट्रगीत का गायन किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी को म्यूजिक सिस्टम और बच्चों के सुरक्षित परिवहन की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है।

### शाम को 'भारत पर्व'

गणतंत्र दिवस की शाम 4:00 बजे नगर निगम ऑडिटोरियम (बस स्टैंड के पास) में 'भारत पर्व' का आयोजन किया जाएगा। इसमें स्थानीय कलाकारों के साथ-साथ जिले के बाहर के अतिथि कलाकार अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे।

समारोह के दौरान किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को परेड रिहर्सल प्रारंभ से लेकर 26 जनवरी तक कार्यक्रम स्थल पर डॉक्टरों की टीम, एम्बुलेंस और पर्याप्त दवाओं के साथ तैनात रहने के निर्देश दिए गए हैं।

विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को शील्ड और मोमेंटो वितरण की जिम्मेदारी जिला आबकारी अधिकारी को सौंपी गई है। वहीं, कार्यक्रम के सुचारू संचालन और 'मिनट-टू-मिनट' कार्यक्रम तैयार करने के लिए विशेषज्ञों की एक टीम गठित की गई है, जो संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल के मार्गदर्शन में कार्य करेगी।

---

*कन्या महाविद्यालय में उद्यमिता और स्टार्टअप विषय पर कार्यक्रम*

## युवा पीढ़ी अपनी प्रतिभा और विचारों से समाज व राष्ट्र को ऊंचाईयां देते हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



छात्राओं को उद्यमिता की ओर प्रेरित करने, स्टार्टअप की संभावनाओं से अवगत कराने तथा नवाचार के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शासकीय कन्या महाविद्यालय, में राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के अवसर पर उद्यमिता और स्टार्टअप विषय पर एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात के मार्गदर्शन और विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. अर्पित द्विवेदी के कुशल संयोजन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात ने कहा कि आज के युवा भारत की आर्थिक प्रगति के प्रमुख चालक हैं। उन्होंने छात्राओं को नव उद्यमी बनने, नवाचार और सृजनात्मकता के बल पर देश की आर्थिक विकास गति को और तेज करने का आह्वान किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि युवा पीढ़ी यदि अपनी प्रतिभा और विचारों को सही दिशा में लगाए तो न केवल व्यक्तिगत सफलता प्राप्त कर सकती है, बल्कि समाज और राष्ट्र के लिए भी रोजगार के नए अवसर सृजित कर सकती है।

वहीं कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित शासकीय महाविद्यालय, बरही के अतिथि विद्वान डॉ. के.के. निगम ने अपने व्याख्यान में वर्तमान भारतीय अर्थव्यवस्था की तेजी से बढ़ती गति पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि आज के युवा उद्यमिता और स्टार्टअप के माध्यम से देश में रोजगार के अवसरों को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। डॉ. निगम ने स्टार्टअप इकोसिस्टम में उपलब्ध विभिन्न अवसरों, सरकारी योजनाओं, फंडिंग के स्रोतों तथा सफल उद्यमिता के लिए आवश्यक कौशलों की विस्तृत जानकारी दी।

कार्यक्रम में करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की सदस्य डॉ. रंजना वर्मा, डॉ. संजयकांत भारद्वाज और मीनाक्षी वर्मा ने विशेष सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकगण डॉ. रश्मि चतुर्वेदी, डॉ. विमला मिंज, डॉ. अमिताभ पाण्डेय, के.जे. सिन्हा, डॉ. सुनील कुमार, बंदना मिश्रा, शिल्पी सिंह, मिथलेश्वरी, पंकज सेन, डॉ. अशोक शर्मा, भीम बर्मन, प्रेमलाल कॉवरे, देववती चक्रवर्ती, प्रियंका सोनी आदि मौजूद रहीं।

---

### संयुक्त दल ने लुहरवारा का किया निरीक्षण

## उमड़ार नदी के किनारे मिली कोयले की सीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



बड़वारा तहसील के ग्राम लुहरवारा में खनिज विभाग की टीम को सर्वेक्षण के दौरान कोयले की सीम (Coal Seam) मिलने की आधिकारिक पुष्टि हुई है। इस खोज के बाद अब जिले में नई कोयला खदानें खुलने की प्रबल संभावना बढ़ गई है। हाल ही में खनिज साधन विभाग के प्रमुख सचिव उमाकांत उमराव और खनिज संचालक फ्रेंक नोबेल द्वारा नए खनिज ब्लॉकों को चिन्हित कर उनकी नीलामी प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए गए थे। इसी कड़ी में कलेक्टर आशीष तिवारी के मार्गदर्शन में गठित जिला स्तरीय प्री-ऑक्शन कमेटी और क्षेत्रीय प्रमुख भौमिकी तथा खनिकर्म जबलपुर की अगुवाई में एक संयुक्त दल ने लुहारवारा क्षेत्र का बारीकी से निरीक्षण किया।

सर्वेक्षण के दौरान पाया गया कि उमरार नदी के प्राकृतिक कटाव के कारण जमीन के भीतर मौजूद कोयले की परतें (सीम) सतह पर ही दिखाई देने लगी हैं संयुक्त दल ने मौके पर विभिन्न स्थानों से कोयले के नमूने एकत्रित किए हैं। प्रथम दृष्टया क्षेत्र में भारी मात्रा में कोयले का विस्तार और उपलब्धता पाई गई है। एकत्रित किए गए नमूनों की जांच के बाद कोयले की 'ग्रेड' का निर्धारण होगा। टीम ने लुहारवारा के साथ-साथ बड़ेरा क्षेत्र से 'आयरन ओर' (लौह अयस्क) के सैंपल भी लिए हैं, जिससे अन्य धातुओं के मिलने की उम्मीद भी जगी है। खनिज विभाग अब पूर्वेक्षण के जरिए यह पता लगाएगा कि कोयला कितनी गहराई और कितने बड़े क्षेत्र में फैला है। जांच रिपोर्ट आने के बाद इन क्षेत्रों को ब्लॉक के रूप में विकसित कर नीलामी के लिए तैयार किया जाएगा।

सर्वे के दौरान क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर के प्रमुख संजय धोपेश्वर, सहायक भौमिकीविद अनिल चौधरी, उपसंचालक खनिज आर.के. दीक्षित, और सहायक खनिज अधिकारी पवन कुशवाहा तकनीकी अमले के साथ मौजूद रहे।

---

### रेत के अवैध परिवहन पर संयुक्त टीम ने की कार्यवाही, दो वाहन जब्त

**कटनी।** जिला टास्क फोर्स की बैठक में कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही के दिए निर्देशों के पालन में खनिज ,राजस्व और पुलिस अमले द्वारा लगातार अलग-अलग क्षेत्रों में कार्यवाहियां की जा रही है। इसी कड़ी में ढीमरखेड़ा तहसील अंतर्गत ग्राम पिपरिया शुक्ल में कछरी भूमि में रेत का उत्खनन करते पाए जाने पर एक वाहन जब्त किए गए। इन वाहनों को तहसीलदार के सहयोग से थाना उमरियापान में खड़ा कराया गया है । इसके बाद सूचना मिलने पर बरही तहसील के ग्राम ताली रूहानिया में औचक निरीक्षण के दौरान एक ट्रेक्टर ट्रॉली रेत का बिना ईटीपी के साथ परिवहन करते जब्त किया गया। इसे सुरक्षार्थ पुलिस थाना बरही में खड़ा कराया गया ।दोनों मामलों में अवैध परिवहन के प्रकरण पंजीबद् किए गए ।जिनमे जुर्माना की कार्यवाही के लिए कलेक्टर न्यायालय में प्रेषित किया जाएगा। उपसंचालक खनिज रत्नेश दीक्षित ने बताया कि टास्कफोर्स की संयुक्त कार्यवाहियां भविष्य में भी जारी रहेंगी। कार्यवाही में तहसीलदार ढीमरखेड़ा आकांक्षा चौरसिया,सहायक खनिज अधिकारी पवन कुशवाहा, खनिज निरीक्षक कमलकांत परस्ते ,सिपाही ज्ञानेंद्र सिंह एवं थाना प्रभारी बरही अरविंद चौबे की भूमिका रही।

---

## विकासखंड स्तर पर 20 जनवरी से लगेंगे शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजनाऱ के तहत कटनी जिले के 559 किसानों को सोलर पंप का लाभ दिया जाना है। इन किसानों को सोलरपंप योजना से लाभान्वित कराने कलेक्टर श्री आशीष तिवारी के निर्देश पर जिले में 20 जनवरी से विकासखण्ड स्तर पर विशेष शिविरों का आयोजन किया जायेगा।

### किसानों की मदद के निर्देश

इसके लिये कलेक्टर श्री तिवारी ने सभी विकासखंड के कृषि विकास अधिकारियों, ऊर्जा विकास निगम के प्रभारी, सेंट्रल बैंक के प्रबंधक, लीड बैंक प्रबंधक और एमपीईबी के अधीक्षण यंत्री को कार्य दायित्व सौंपते हुये शिविरों में उपस्थित रहकर किसानों की मदद करने के निर्देश दिये हैं।

### इन तिथियों को लगेगा शिविर, किसानों के लिए दस्तावेज जरूरी

कलेक्टर द्वारा आदेश के अनुसार विकासखंड बहोरीबंद और ढीमरखेड़ा में 20 जनवरी को, विकासखंड विजयराघवगढ़ और रीठी में 22 जनवरी को, विकासखंड कटनी और बड़वारा में 23 जनवरी को सुबह 10 से शाम 6 बजे तक संबंधित वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय में शिविर आयोजित किये जायेंगे।

योजना का लाभ लेने के लिए हितग्राही किसानों को शिविर स्थल पर के आधार कार्ड, पैन कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो, मोबाइल नंबर तथा बैंक खाता खोलने हेतु 100 रूपये की राशि के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है।

**खबर संक्षेप**

## लोक सेवा केंद्रों के लिए वर्ष 2026 की अवकाश सूची जारी

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया, लोक सेवा प्रबंधन विभाग मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार जिले के समस्त लोक सेवा केंद्रों के संचालन हेतु वर्ष 2026 के लिए अवकाश घोषित किए गए हैं। निर्धारित अवकाशों के अंतर्गत प्रत्येक रविवार के साथ-साथ गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस एवं दीपावली के अतिरिक्त विभिन्न धार्मिक एवं राष्ट्रीय पर्वों पर लोक सेवा केंद्र बंद रहेंगे। घोषित अवकाशों में 03 मार्च मंगलवार होली, 27 मार्च शुक्रवार रामनवमी, 31 मार्च मंगलवार महावीर जयंती, 26 जून शुक्रवार मोहर्रम, 28 अगस्त शुक्रवार रक्षाबंधन, 04 सितंबर शुक्रवार जन्माष्टमी, 14 सितंबर सोमवार गणेश चतुर्थी, 02 अक्टूबर शुक्रवार गांधी जयंती, 19 अक्टूबर सोमवार दशहरा (महानवमी), 09 नवंबर सोमवार गोवर्धन पूजा, 24 नवंबर मंगलवार गुरुनानक जयंती तथा 25 दिसंबर शुक्रवार क्रिसमस शामिल हैं। कलेक्टर श्री कोचर ने बताया, उक्त अवकाश सूची वर्ष 2026 के लिए प्रभावशील रहेगी तथा नागरिकों से आग्रह है कि लोक सेवा केंद्रों से संबंधित कार्य इन तिथियों को ध्यान में रखकर नियोजित करें।

## लापता युवक का ससुराल में पेड़ से लटका मिला शव

**छतरपुर।** थाना ओरछा रोड अंतर्गत ग्राम मलपुरा निवासी युवक रमेश अहिरवार का शव शनिवार को उसके ससुराल ग्राम खरका के खेत में एक पेड़ से लटका हुआ मिला। इस घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।रमेश दिल्ली में मजदूरी करते थे और मकर संक्रांति के अवसर पर अपने घर लौटे थे। 15 जनवरी को वह अचानक लापता हो गए थे, जिसकी सूचना उनके परिजनों ने ओरछा रोड थाने में दर्ज कराई थी। शनिवार को परिजनों को सूचना मिली कि रमेश ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मृतक के भाई जगन्नाथ अहिरवार ने बताया कि रमेश अपने ससुराल गए थे, जहां किसी बात को लेकर विवाद हुआ और उनके साथ मारपीट की गई। इसके बाद वे संदिग्ध हालात में खेत में स्थित पेड़ से लटके मिले।परिजनों के अनुसार मृतक द्वारा आत्महत्या से पहले लिखा गया एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। इस नोट में रमेश ने स्पष्ट रूप से लिखा है कि वे आत्महत्या करने जा रहे हैं और उनके साथ विकास व रज्जू ने मारपीट की है।

### एमपीआरडीसी सड़क निर्माण संबंधी बैठक में दिए गए अहम दिशा निर्देश

# सड़कों के दायरे में ग्रामीण क्षेत्रों में लाईट भी लगाई जाए-विधायक जयंत मलैया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



एमपीआरडीसी द्वारा निर्माणाधीन सड़क के संबंध में दमोह विधायक जयंत मलैया और हटा विधायक उमा देवी खटीक की मौजूदगी में बैठक संपन्न हुई। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर एवं जनपद अध्यक्ष प्रीति कमल ठाकुर जनपद अध्यक्ष हटा गंगाराम पटेल मौजूद थे। बैठक में विधायक जयंत कुमार मलैया ने कहा सड़कों के दायरे में ग्रामीण क्षेत्रों में लाईट लगाई जाए, जिस पर विभागीय अधिकारियों द्वारा कहा गया यह कार्रवाई शीघ्र सुनिश्चित कर ली जाएगी। साथ ही सर्विस रोड के बारे में बताया गया कि यह प्रावधान विभागीय सड़कों पर नहीं है। विधायक श्री मलैया ने विभाग अधिकारियों को दिशा निर्देशानुसार कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर विधायक श्रीमती खटीक ने कहा सड़क निर्माण में आ रही कमियों को लेकर लगातार मीडिया एवं अन्य माध्यमों से भी यह बात आ रही रही थीं, जिससे जनप्रतिनिधि के रूप में उन्हें भी असहजता महसूस हो रही थी। इन्हीं विसंगतियों के समाधान को लेकर यह बैठक आयोजित की गई है। बैठक में सड़क निर्माण से जुड़े सभी बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। विधायक उमा देवी खटीक ने कहा बैठक में उठाए गए सभी मुद्दों पर गंभीरता से विचार हुआ है और प्रशासन की ओर से यह आश्वासन दिया गया है कि तय समय-सीमा के भीतर सड़क निर्माण कार्य पूर्ण किया जाएगा। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा एमपीआरडीसी द्वारा निर्मित सड़क को लेकर प्राप्त शिकायतों के बाद मौके पर निरीक्षण किया गया था। कलेक्टर श्री कोचर ने बताया कि बैठक में हर बिंदु पर गहन चर्चा कर एमपीआरडीसी के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस तरह की निरंतर समीक्षा की जाएगी, ताकि सड़क निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ और निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण हो सके। बैठक में पवई एसडीएम ने गैसाबाद ब्रिज के संबंध में बताया की भू-अर्जन ओर अवॉर्ड की कार्यवाही तय समय सीमा में सुनिश्चित कर ली जाएगी। उक्त ब्रिज लोक निर्माण (ब्रिज) बना रहा है। इस अवसर पर राजस्व विभाग, नगरपालिका, एमपीआरडीसी, सेतु निगम, जल निगम, एमपीईबी सहित सभी संबंधित विभागों और

# बेसहारा बुजुर्ग महिला को दिया सहारा



**हटा।** पुलिस का नाम सुनते ही अक्सर डर और भय की छवि उभर आती है, लेकिन हटा नगर से एक कहानी ने इस सोच को बदल दिया है। हटा थाना प्रभारी सुधीर कुमार बेगी ने एक बुजुर्ग महिला के लिए मसीहा बनकर समाज में नई प्रेरणा दी है। नवोदय वार्ड के ककराई इलाके में 85 वर्षीय गोरा बाई लोधी एक खंडर नुमा कच्ची झोपड़ी में अकेली रहती हैं। उनके पति के गुजरने के बाद, उनके बच्चों ने भी उन्हें छोड़ दिया। वह अपने जीवन के अंतिम पड़ाव में असहाय जिंदगी बिता रही हैं। जैसे ही थाना प्रभारी सुधीर कुमार बेगी को गोरा बाई की स्थिति की जानकारी मिली, उन्होंने बिना समय गंवाए गुरुवार की रात को एक किराना दुकान से राशन किट तैयार की और ठंड से बचाव के लिए गर्म कंबल लेकर उनके पास पहुंचे। उन्होंने गोरा बाई को राशन सामग्री और गर्म कंबल भेंट की। थाना प्रभारी ने गोरा बाई से उनकी स्थिति के बारे में जानकारी ली। गौराबाई ने बताया कि वह पहले बीड़ी बनाकर अपना घर चलाती थीं, लेकिन अब लाचार हैं। स्थानीय लोग खाने-पीने का सामान दे देते हैं जिससे उनका गुजारा हो जाता है। सुधीर बेगी ने गोरा बाई को आश्वासन दिया कि जब तक वह हटा थाने में पदस्थ हैं, उनका पूरा खर्च वह स्वयं उठाएंगे। यह सुनकर गोरा बाई के चेहरे पर मुस्कान आ गई और उन्होंने थाना प्रभारी को आशीर्वाद दिया। थाना प्रभारी के इस कदम से यह साबित होता है कि वर्दी में सख्ती के साथ-साथ इंसानियत, मानवता और संवेदना भी बसती है।

## अहंकार और अधर्म का अंत निश्चित है ईश्वर की कृपा अनजाने में भी जीवन की रक्षा करती है - पं रवि शास्त्री महाराज

**दमोह।** ग्राम अहरोरा बलारपुर में चल रही श्रीमद् भागवत के छटवे दिवस में कथा व्यास आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने कहा कि गोकुल में आनंद का वातावरण था नंद बाबा के घर में उत्सव मनाया जा रहा था बालकृष्ण के उठान संस्कार का दिन था चारों ओर मंगल गीत स्त्रियों की हँसी वेद मंत्रों की गूंज और उत्सव की चहल पहल थी माता यशोदा ने बाल कृष्ण को आंगन में एक लकड़ी की गाड़ी शकट के नीचे पालने में सुला दिया ताकि वे समारोह में भी रह सकें और बालक भी आराम करे किसी को क्या पता था कि उसी गाड़ी में मृत्यु छिपी बैठी है मथुरा का राजा कंस पहले ही बाल कृष्ण को मारने के लिए अनेक दानव भेज चुका था इस बार उसने शकटासुर नामक भयानक दानव को भेजा शकटासुर ने एक भूत का रूप धारण किया और उस गाड़ी में प्रवेश कर गया उसका उद्देश्य था जैसे ही अवसर मिले बाल कृष्ण का अंत कर देना कुछ समय बाद बाल कृष्ण जागे उन्हें भूख लगी और वे रोने लगे समारोह की आवाज़ में माता यशोदा उनकी आवाज़ सुन न सकीं तभी शिशु कृष्ण ने अपनी कोमल पैर ऊपर की ओर किये बस ऐसे ही बाल सुलभ चंचलता में लेकिन वही क्षण काल का अंत बन गया बाल कृष्ण के पैर के हल्के से स्पर्श से ही पूरी गाड़ी हिल गई पहिए टूटकर गिर पड़े लकड़ी चूर-चूर हो गई और उसी क्षण शकटासुर अपने भयानक असली रूप में प्रकट होकर ज़मीन पर गिर पड़ा और प्राण त्याग दिएआंगन में भयंकर आवाज़ हुई उत्सव थम गया गोकुलवासी दौड़ पड़े माता यशोदा की करुणा माता यशोदा के प्राण कंठ में आ गए वे दौड़कर टूटी हुई गाड़ी के पास पहुँचीं वहाँ उन्होंने देखा उनका लाल शांत निंद्रामग्न वैसे ही पड़ा है जैसे कुछ हुआ ही न हो,वे तुरंत कृष्ण को उठाकर छाती से लगा लेती हैं उनकी आँखों से प्रसन्नता और भय के आँसू एक साथ बहने लगते हैं वे अपने भाग्य को सराहती हैं,हे प्रभु मेरे लाल की रक्षा आपने ही की है ग्वाले गोपियाँ वृद्ध सभी आश्चर्य में थे कोई बोला यह साधारण बालक नहीं है कोई बोला यह तो कोई दिव्य शक्ति है लेकिन माता यशोदा ने सबको समझाया यह सब मेरे लाल की किस्मत है कोई देव कृपा होगी शकटासुर को भगवान के चरणों का स्पर्श मिला था इसलिए उसका अंत केवल मृत्यु नहीं था बल्कि मोक्ष था यही भगवान की करुणा है जो शत्रु भी उनके संपर्क में आता है वह भी मुक्त हो जाता है भगवान की लीला बाल रूप में भी अनंत शक्ति से भरी है अहंकार और अधर्म का अंत निश्चित है ईश्वर की कृपा अनजाने में भी जीवन की रक्षा करती है।

## नरसिंहगढ़ में कैरियर काउंसलिंग से विद्यार्थियों को मिली नई दिशा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग, मध्यप्रदेश शासन के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार के अवसरों की जानकारी देने के उद्देश्य से जिला रोजगार कार्यालय दमोह द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहगढ़ में कैरियर काउंसलिंग एवं मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कैरियर काउंसलर एवं विषय विशेषज्ञ मुकेश तिवारी ने विद्यार्थियों को वर्तमान समय में उपलब्ध विभिन्न शैक्षणिक पाठ्यक्रमों, प्रतियोगी परीक्षाओं, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास, स्वरोजगार एवं शासकीय सेवाओं से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि सही मार्गदर्शन एवं लक्ष्य निर्धारण से सफलता प्राप्त की जा सकती है। कैरियर काउंसलरों ने विद्यार्थियों को भविष्य को लेकर अनावश्यक तनाव न लेने, आत्मविश्वास बनाए रखने तथा सकारात्मक सोच के साथ निरंतर प्रयास करने की सलाह दी। श्री तिवारी ने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुसार लक्ष्य तय कर उसी दिशा में मेहनत करनी चाहिए। शिविर के दौरान विद्यार्थियों ने खुलकर अपने करियर से जुड़े प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों द्वारा सरल एवं प्रभावी ढंग से समाधान किया गया। विद्यार्थियों ने सिविल सर्विस, पुलिस सेवा, भारतीय सेना, शिक्षक एवं अन्य शासकीय सेवाओं को अपना लक्ष्य बताया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य शीलचन्द्र जैन ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रकार के कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षकगण,

## हाकी मैच में दमोह ने छतरपुर को दो गोल से पराजित किया



**दमोह।** खेलो एम पी यूथ गेम्स एवम बुन्देली गौरव न्यास ने संयुक्त रूप से हॉकी मैदान पर शानदार मुकाबले हुये बालिका वर्ग मे दमोह ने रोमांचक मैच मे छतरपुर को दो गोल से पराजित किया। आकांक्षा एवं नेहा ने गोल किये। खिलाडियो से परिचय वरिष्ठ खिलाडी राजेश सालोमन, भगवान सिंह, विजय ठाकुर अल्ताफ, पुष्पलता, देवलिया, नकुल कुशवाहा से कराया गया। बालक वर्ग मे हिडोरिया एवम दमोह के बीच फाइनल मैच खेला गया। उतार-चढ़ाव भरे मैच मे दमोह ने एक गोल से विजय प्राप्त की सियोन ने शानदार गोल किया। मैच के निर्णायक राजीव खोसला, विकास जैन, तरूण नामदेव, विवियन राम, रियाज रहे। खिलाडियो से परिचय खेल अधिकारी सेफ उल्ला खान हरिशंकर यादव से कराया गया। इस अवसर पर ललित नायक यशवंत मुहीद अजुम अरमान खान शैलेन्द्र अतुल मुकेश कुमार इमरान उपस्थित रहे विजेता उपविजेता टीमो को पुरस्कार प्रदान किए।

## धूमधाम से मनाया भगवान आदिनाथ का मोक्ष कल्याणक



**जबेरा।** देवादिदेव 1008 आदिनाथ भगवान आदिनाथ का मोक्ष कल्याण महोत्सव जबेरा नगर में बड़े ही धूमधाम ब उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज व आचार्य समय सागर जी महाराज परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री सुखसागर जी महाराज के मंगल सानिध्य में संपन्न हुआ। जबेरा नगर में प्रथम बार एक साथ 24 तीर्थंकर भगवान का महामस्ताभिषेक किया इसके उपरांत निर्माण लाडू चढ़ाया गया। कार्यक्रम में सुबह से ही महामस्ताभिषेक,शांति धारा के उपरांत भक्तांबर विधान हुआ। इसके उपरांत मुनि श्री के मांगलिक प्रवचन संपन्न हुए। शाम 7 बजे महाआरती संपन्न हुई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सकल दिगंबर जैन समाज के लोगों की उपस्थिति रही।

# योग साधना शिविर हेतु किया जा रहा व्यापक प्रचार प्रसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



जनपद पंचायत जबेरा में भगवती मानव कल्याण संगठन कार्यकर्ताओं के द्वारा आगामी 22 एवं 23 जनवरी 2026 को शहडोल जिले की व्यवहारी में लगने वाले योग साधना शिविर के लिए व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। उसी क्रम में शनिवार को भगवती मानव कल्याण संगठन के सदस्यों ने जनपद के ग्राम पारना ,सुरई, खेरी, कोरटा ,पिपरिया, डेलन खेड़ा आदि ग्रामों में प्रचार करते हुए बताया कि इस विशाल शिविर का उद्देश्य संपूर्ण राष्ट्र में युवाओं को नशा मुक्ति बनाने के लिए प्रेरित करना है। उसी के लिए भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर के ग्राम में समस्त युवाओं से संपर्क कर रहे हैं तथा उन्हें नशा मुक्ति होने के फायदे गिना रहे है। तथा युवाओं को बता रहे हैं कि पूज्य गुरुवर की शरण में आने से किस प्रकार मानव धन्य हो जाता है। इस शिविर में संपूर्ण दमोह जिले से हजारों युवाओं को सम्मिलित कराया जा रहा है अतः विधानसभा क्षेत्र जबेरा के समस्त युवा उक्त धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेकर के अपने जीवन को धन्य करें साथ ही अपने मानव होने का धर्म निभाएं । उक्त प्रचार प्रसार में भगवती मानव कल्याण संगठन के संभागीय अध्यक्ष सूजन सिंह लोधी, धर्मेंद्र सिंह,प्रेम सिंह, संदीप सिंह, हीरा सिंह,मुलायम सिंह,शंकर चक्रवर्ती,दीपक सिंह, जगन सेन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# खेलो एमपी यूथ गेम में जबेरा की छात्राओं ने परचम लहराया



**जबेरा।** मध्य प्रदेश शासन की प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में छुपी हुई प्रतिभाओं को खेलों के माध्यम से निखारने के लिए प्रदेश की युवाओं को रुचि अनुसार खेलों में श्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु ग्राम स्तरीय एवं विद्यालय स्तर पर अनेक अवसर प्रदान किये जा रहे हैं। उसी क्रम में वर्तमान में दमोह में जिला स्तरीय खेलो एमपी यूथ प्रतियोगिता 2026 का आयोजन दिनांक 16 जनवरी से लेकर 18 जनवरी 2026 तक किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता में दमोह जिले के समस्त शासकीय अशासकीय हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया जिसमें शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जबेरा की छात्राओं ने दिनांक 16 जनवरी 2026 को अपना कबड्डी का फाइनल मैच दमोह की छात्राओं के साथ खेला जिसमें कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने उपविजेता का स्थान प्राप्त किया तथा दिनांक 17 जनवरी 2026 को आयोजित प्रतियोगिताओं रस्सी कूद, गोला फेंक, भाला फेंक, ऊंची कूद, एवं लंबी कूद की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें संपूर्ण दमोह जिले के सातों विकास खंड की छात्राओं ने भाग लिया जिसमें 200 मीटर की दौड़ में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जबेरा की छात्रा कुमारी निधि लोधी ने संपूर्ण जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा कुमारी जन्नत गोंड ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उक्त दोनों छात्रों का संभाग स्तर पर चयन हो गया है। साथ ही उक्त दोनों छात्राओं का रिले दौड़ में राज्य स्तर पर चयन हुआ है जिससे अब यह दोनों छात्राएं राज्य स्तरीय टीम में प्रदेश की ओर से दौड़ेगी राज्य स्तरीय टीम में चयन होने पर पूरे विद्यालय के साथ-साथ पूरे जबेरा नगर में खुशी की लहर दौड़ गई। छात्रों की इस सफलता पर विद्यालय के समस्त स्टाफ एवं छात्राओं का उत्साहवर्धन किया जा रहा है एवं संपूर्ण ग्राम वासियों के द्वारा बधाइयां प्रेषित की जा रही है। वहीं छात्राओं ने अपनी इस सफलता का श्रेय विद्यालय के प्राचार्य जवाहरलाल प्रधान तथा कोच की भूमिका में रहे शिक्षक अभिषेक शर्मा को दिया है।

# डीआईओ डॉ. विक्रांत ने टीकाकरण सत्र का किया आकस्मिक निरीक्षण

दमोह।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के.अठ्या ने बताया कि ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस पर जिला स्तर से निगरानी रखी जा रही है। आज जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. विक्रांत चौहान ने हटा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस खड़पुर आयोजित टीकाकरण सत्र का औचक निरीक्षण किया गया। डी.आई.ओ. डॉ. चौहान ने निर्देश दिये कि कोई भी बच्चा केवल स्थान परिवर्तन के कारण टीकाकरण से वंचित न रहे इसके लिए अन्तर्क्षेत्रीय समन्वय कर संबंधित परिवार से संपर्क कर उसी क्षेत्र में टीकाकरण सुनिश्चित कराया जाये तथा टीकाकरण पोर्टल पर आवश्यक एन्ट्री भी की जाये। जो बच्चे बाहर गये है उनका टीकाकरण अगले महीने के सत्र में किया जाये। निरीक्षण में 8 बच्चों में से एक बच्चे का टीकाकरण मौके पर किया जाना पाया गया। जानकारी में आया कि अधिकांश बच्चे नानी के घर अथवा पलायन पर बाहर गये है। ज्ञातव्य है कि टीकाकरण कार्यक्रम का उद्देश्य हर बच्चे को टीकाकृत कर उसे जानलेवा बीमारियों से सुरक्षित करना है।

## शब- ए-मेराज शरीफ का जलसा सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया



स्थानीय जामा मस्जिद एवं नूरी फरीदी मस्जिद में शब- ए- मेराज शरीफ के मौके पर यादगार जलसे का आयोजन शुक्रवार की रात्री मे किया गया। रात्रि मे मस्जिदों में बडी. तादाद मे मुस्लिम भाईयों ने विशेष नवाफिल नमाज भी मस्जिदों में अदा की। इस दौरान अपने लिये और तमाम आलम के इंसानों के हक मे खुशहाली, कामयाबी एवं इक जेहती की दुआ भी मांगी गई। इस मौके पर नूरी-फरीदी मस्जिद के मदरसे के तालिबे-इल्म बच्चों बास्ता बी, सानिया बी,अलिशबा बी, मुहम्मद तौसीब रजा, अकसा बी, अलमास बी, रोजी बी, जेब्रा बी, माही बी, कसब बी आदि के व्दारा शव-ए-मेराज के जलसे मे कुरान पाक की अनेकानेक कण्ठस्थ आयतें पढ़ी गईं। एवं वाहवाही लूटी। इस दौरान नूरी फरीदी मस्जिद कमेटी एवं मुस्लिम भाईयों व्दारा बच्चों की हौसला अफजाई करते हुये उन्हें नगद राशी एवं आकर्षक ईनामों से नवाजा गया। जलसा पेश ईमाम हाफिज इरफान रजा बरकाती खान साहब की सरपरस्ती में आयोजित किया गया। जलसे मे जामा मस्जिद के पेश ईमाम मौलाना तनवीर अहमद मिस्बाही एवं मदरसा नूरी-फरीदी के टीचर हाफिज शाहिद खान साहब नूरी भी शामिल रहे। जलसे का संचालन एमएम राही एवं शाकिर खान ने किया। इस मौके बडी. तादाद में मुस्लिम महिला, पुरुष, बच्चे एवं बुजुर्ग मौजूद रहे।

## अमृतवाणी सत्संग कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया



नगर के थाना मुहल्ला में चल रहे संभाग स्तरीय संत शिरोमणि गुरु रविदास जी मूर्ति स्थापना एवं अनावरण कार्यक्रम के दूसरे दिन आचार्य रामदयाल शास्त्री जी के श्री मुखारविंद से अमृतवाणी का सत्संग हुआ। सत्संग में शास्त्री जी के मुखारविंद से गुरु रविदास के काशी में होने वाले स्वागत सत्कार और जय-जय कार का अपनी कर्ण प्रिय वाणी के माध्यम से विस्तार बखान किया गया।साथ ही गुरु रविदास जी के जीवन सन्देश, सामाजिक न्याय ,समता, बंधुता, समरसता पर आधारित मार्ग लोंगो को बताया। शास्त्री जी ने लोगों को बताया कि हमें पाखंडवाद और मनुवाद से हर हाल में पीछा छुड़ाकर सत्य और सत्य नाम की खोज में अपने गुरु के द्वारा बताए हुए मार्ग पर चलकर जन जागृति और सामाजिक चेतना का प्रचार प्रसार करना है। उन्होंने बताया की गुरु रविदास जी जगतगुरु शिरोमणि की उपाधि लेकर संतो के भी संत हुए। हम सब संतो के ही वंशज है । हमें अहिंसा और सत्य के मार्ग पर ही हर हाल में अपने जीवन को व्यतीत करना है। यही हमारा परम कर्तव्य है। इस अमृतवाणी और सत्संग से ही संसार का कल्याण हुआ है। और संसार मानवता के मार्ग पर चला है। कार्यक्रम मे भारी संख्या में इकट्ठा होकर लोगों ने आज इस सत्संग को सुना और जयकारा लगाये । इसी क्रम में आज 18 जनवरी 2026 दिन रविवार को अंतिम दिवस पर गुरु अमृतवाणी सत्संग, अतिथियों का स्वागत सत्कार एवं विशाल भंडारा

## लोधी समाज को अपशब्द कहने वाले पर कड़ी कार्रवाई की मांग

**बनवार।** लोधी समाज की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाले वीडियो के वायरल होने के बाद समाज में आक्रोश व्याप्त है। बीते दिनों सोशल मीडिया पर एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा पूरी लोधी समाज को गंदी गालियां देते हुए बनाया गया वीडियो तेजी से फैल गया जिससे समुदाय में असंतोष और रोष बढ़ गया। अखिल भारतीय युवा लोधी लोधा राजपूत महासभा मध्यप्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने इस मामले पर हस्तक्षेप करते हुए थाना नोहटा पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई समाज ने इसे प्रतिष्ठा पर हमला बताया और आरोपी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की। शिकायत में कहा गया है कि वीडियो तैयार करने वाले अज्ञात व्यक्ति ने जानबूझकर समाज की छवि खराब करने का प्रयास किया जिससे असामाजिक माहौल और तनाव बढ़ सकता है ऐसी गतिविधियां राज्य में अशांति फैलाने की नीयत दर्शाती हैं। कार्यवाहक पदाधिकारियों ने पुलिस से अनुरोध किया है कि संबंधित वीडियो की साइबर सेल के माध्यम से जांच कर आरोपी की मोबाइल आईडी का पता लगाया जाए और उसके खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। समाज प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी कि किसी भी समुदाय की प्रतिष्ठा के खिलाफ इस तरह की हरकत को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस ने शिकायत प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**ख़बर संक्षेप**

### श्री शिव साईं मंदिर बेलाताल टापू में 15वीं वर्षगांठ महोत्सव 19 जनवरी को

**दमोह।** नगर के बेलाताल टापू स्थित श्री शिव साईं मंदिर बेलाताल टापू में 15वीं वर्षगांठ महोत्सव का आयोजन 19 जनवरी 2026 को श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ किया जाएगा। इस पावन अवसर पर 18 जनवरी 2026 को प्रातः 9 बजे से 19 जनवरी 2026 तक 108 सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। वहीं 19 जनवरी 2026 को प्रातः 9 बजे से विधिविधानपूर्वक हवन-पूजन संपन्न होगा, जबकि दोपहर 1 बजे से सायं 5 बजे तक महाप्रसादी (भंडारा) का आयोजन किया जाएगा। श्री शिव साईं मंदिर के पुजारी पंडित श्री कमलेश्वरानंद जी महाराज ने बताया कि यह आयोजन वर्षों से सामाजिक समरसता, सेवा भावना एवं आध्यात्मिक चेतना का संदेश देता आ रहा है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होंगे। शिव साईं सेवाभाव परिवार, बेलाताल टापू, दमोह द्वारा समस्त श्रद्धालुओं एवं नागरिकों से कार्यक्रम में सहभागी बनकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की गई है।

### शहीद स्मारक स्थानांतरण का निर्णय वापस, संगठनों ने हर्ष व्यक्त किया

**दमोह।** टाउन हॉल स्थित स्वतंत्रता शहीद स्मारक को स्थानांतरित किए जाने को लेकर उठी आपत्तियों एवं जनभावनाओं को देखते हुए कलेक्टर महोदय दमोह द्वारा पूर्व में लिया गया निर्णय वापस ले लिया गया है। इस निर्णय के बाद जागरूक नागरिकों में संतोष और हर्ष का माहौल है। जागरूक युवा संघ जिला संयोजक अखिलेश सिंह ने कहा कि शहीद स्मारक केवल एक संरचना नहीं, बल्कि देश के वीर सपूतों के बलिदान की स्मृति और सम्मान का प्रतीक है। जनसहयोग और सकारात्मक संवाद के परिणामस्वरूप प्रशासन द्वारा लिया गया यह निर्णय स्वागत योग्य है। भारत रक्षा मंच जिला संयोजक अभिषेक सोनी ने कहा कि हम सभी ने संकल्प लिया कि भविष्य में शहीद स्मारक के संरक्षण, रख-रखाव और स्वच्छता में सभी मिलकर सहयोग करेंगे, ताकि आने वाली पीढ़ियों को भी शहीदों के त्याग और बलिदान की प्रेरणा मिलती रहे।

## जबेरा के समीप जलहरी ग्राम में हुआ हादसा

# चलते ट्रक में बीच सड़क पर अचानक लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



जबेरा नगर के समीपी ग्राम जलहरी ग्राम के समीप शनिवार दोपहर कबाड़ से भरे ट्रक में अचानक आग लग गई। आग को देखते ही ट्रक चालक ने ट्रक को तत्काल सड़क किनारे छोड़ कर ट्रक से कूद करके अपनी जान बचाई। इस घटना को देखते ही स्थानीय लोगों ने सिंचाई वाली पाइप लाइन के सहारे ट्रक में लगी आग को बुझाने का प्रयास किया एवं पुलिस को सूचना दी। तत्काल ही जबेरा पुलिस मौके पर पहुंची एवं जेसीबी की मदद से ट्रक में भरे सामान को नीचे गिराया और समय पर आज पर काबू पा लिया। बताया जा रहा है की ट्रक छत्तीसगढ़ से दिल्ली जा रहा था। ट्रक में भरे कबाड़ और बिजली के तार आदि को देखकर के यह आशंका भी जताई जा रही है कि ट्रक में भरा हुआ कबाड़ कहीं चोरी का तो नहीं है। ऐसे में अब पुलिस इस बिंदु पर भी जांच कर रही है। पुलिस ने ट्रक मालिक को सूचना देते हुए मामले की जांच शुरू की है। मामले में जबेरा थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान का कहना है कि प्रत्येक बिंदु की जांच की जा रही है तथा ट्रक मालिक को भी सूचना देकर के बुलाया गया है जिससे कबाड़ के संबंध में भी विस्तृत जानकारी ली जावेगी।

## ऑटो अनियंत्रित होकर पलटा, कई लोग घायल

**तेंदूखेड़ा।** गुरुवार को नगर से लगभग 31 किलोमीटर दूर तारादेही–महाराजपुर मार्ग पर झमरा गांव के नजदीक स्थित एक क्षतिग्रस्त पुलिया के कारण एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। जर्जर पुलिया पर से गुजरते समय एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसमें सवार कई लोग घायल हो गए। हादसे के बाद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से घायलों को बाहर निकालकर उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। सौभाग्य से इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई,



लेकिन यह दुर्घटना लोक निर्माण विभाग की गंभीर लापरवाही को उजागर करती है। स्थानीय लोगों के अनुसार उक्त पुलिया की हालत लंबे समय से खराब बनी हुई थी। पुलिया पर गड्ढे, टूटी रेलिंग और चेतावनी संकेतों का अभाव था। इसके बावजूद लोक निर्माण विभाग द्वारा समय रहते न तो मरम्मत कराई गई और न ही किसी प्रकार के सुरक्षा संकेत लगाए गए, जिससे यह हादसा हुआ। यह कोई पहली घटना नहीं है। लगभग एक माह पूर्व ग्राम सर्रा से करीब 2 किलोमीटर पहले एक पुलिया का निर्माण कार्य चल रहा था। निर्माण स्थल पर मार्ग बंद होने अथवा आगे गतिरोध होने संबंधी कोई सूचना पट्ट या संकेतक नहीं लगाया गया था। रात्रि के समय मोटरसाइकिल से गुजर रहे आदिवासी समुदाय के लोग यह समझ नहीं पाए कि आगे सड़क बाधित है। अचानक निर्माण स्थल पर पहुंचने के कारण मोटरसाइकिल सवार गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी हालत गंभीर होने के चलते उन्हें जबलपुर रेफर करना पड़ा था। इस घटना में भी ठेकेदार और लोक निर्माण विभाग की लापरवाही स्पष्ट रूप से सामने आई थी। नियमों के अनुसार निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन और सूचना संकेत लगाना अनिवार्य होता है, लेकिन यहां इन नियमों की अनदेखी की गई। इन लगातार हो रही घटनाओं को लेकर जब संबंधित प्रभारी लोक निर्माण विभाग की एसडीओ मनीषा मोगिया से संपर्क कर उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। इससे विभागीय उदासीनता और जिम्मेदारी से बचने का रवैया साफ झलकता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि उक्त मार्गों और पुलियों की तत्काल मरम्मत कर भविष्य में होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जाए।

# बड़े बाबा के श्री चरणों में निर्वाण लाडू चढ़ाया

**पूज्य बड़े बाबा का अतिशय छोटे बाबा की तप- साधना से ही बड़े बाबा आकाश मार्ग से विहार करते हुए उच्चासन पर विराजमान हो गए - पूज्य मुनि श्री पदम सागर जी महाराज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुंडलपुर



सुप्रसिद्ध जैन तीर्थ कुण्डलपुर में महान तपोनिधि संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज एवं विद्या शिरोमणि पूज्य आचार्य श्री समयसागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से पूज्य मुनि श्री पदमसागर जी महाराज ससंघ के मंगल सानिध्य में जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान श्री आदिनाथ का मोक्ष कल्याणक एवं पूज्य बड़े बाबा का उच्चासन दिवस धूमधाम से मनाया गया । प्रचार मंत्री जयकुमार जैन जलज ने बताया कि इस अवसर पर प्रातः बड़े बाबा महामंडल विधान , भक्तामर महामंडल विधान ,पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक, रिद्धि कलश ,शांतिधारा हुई। अत्यंत भक्तिभाव के साथ निर्वाण लाडू चढ़ाया गया । इस अवसर पर कुंडलपुर में विराजमान मुनि श्री पदमसागर जी महाराज ने शांतिधारा का वाचन करते हुए अपने आशीष वचनों में कहा यह सौभाग्य हर किसी व्यक्ति को नहीं मिलता हमने अनंत भवों में ऐसा पुण्य किया है जब ऐसे पंचम काल में चतुर्थ काल जैसा माहौल देखने मिल सका। पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज ने जन्म लिया और नगर नगर गांव-गांव में जाकर जो धर्म प्रभावना तप साधना की वह चतुर्थ कालीन जैसी है। उन्होंने अपने ज्ञान तप साधना आराधना के माध्यम से हमें पंचम काल में चतुर्थ काल का नजारा दिखा दिया। आचार्य श्री की ही यह कृपा दृष्टि कि आज यह कुण्डलपुर पूरे विश्व में प्रसिद्धि को प्राप्त हुआ है। पहले पुराने मंदिर में भक्तों को भक्ति करने और अभिषेक आदि ठीक से देखने नहीं मिलता था गुरुदेव ने सोचा बड़े बाबा जैसे विशाल हैं उसी अनुरूप उनका स्थान हो।अपनी तप साधना से सन 2006में 17 जनवरी को वह अवसर आया जब बड़े बाबा आकाश मार्ग से विहार कर विशाल मंदिर में उच्चासन पर विराजमान हो गए ।जब बड़े बाबा आकाश मार्ग से विहार कर रहे थे उस समय में भी बाजू से ही चल रहा था ।सभी शंकाएं व्यवधान पार कर बड़े बाबा बड़े मंदिर में विराजित हुए ।पूज्य आचार्य श्री ने बड़े बाबा के चरणों का स्पर्श किया उस समय अश्रुधार बह निकली यह खुशी के आंसू थे। गुरुदेव ने कहा मैंने कल्पना भी नहीं की थी इतना बड़ा कार्य हो जाएगा बड़े बाबा ने मुझे इस योग्य समझा। आचार्य श्री गदगद हो गए उनके जीवन पर्यंत की जो साधना तपस्या थी उसका यह प्रतिफल यह कार्य भूतों ना भविष्यति हुआ ।जो स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा ।यह कोई छोटा-मोटा कार्य नहीं था ।उस समय हम सब की यही भावना थी कि बड़े बाबा के चरणों में हम सभी की मुनि दीक्षा हो ।यहां क्षुल्लक ,ऐलक आर्यिकाएं दीक्षा हुई है। लेकिन ऐसा क्या बड़े बाबा का संयोग रहा कि मुनि दीक्षाएं नहीं हुई। इस अवसर पर प्रथम अभिषेक ,रिद्धि कलश शांतिधारा ,छत्र ,चंवर एवं निर्वाण लाडू चढ़ाने का सौभाग्य श्रेष्ठी आर्श ऋषि मिताली रेखाबेन राजाभाई संयम शाह परिवार सूरत, मनोज सरोज आशीष पारस तक्ष सतीश पुनीत जैन दिल्ली, सतीश अंकुर अयांश पुनीत अनंत जैन दिल्ली । संजय सुरेश चंद जैन दिल्ली ,हसमुख शाह सोमिल शाह वापी, राजू रंगोली किरण नैंसी निकिता जैन जबलपुर, अतुल अतिशय प्रकाश चंद पटौदी इंदौर ,मुकेश संजय दीपक अजमेर, महेंद्र जितेंद्र जैन सतना, शांतिलाल रमेश रुचि जय बड़जात्या अजमेर, संजय शैलजा पारस जैन पाटन जबलपुर, अक्षत गोल्डी जैन दिल्ली सहित हजारों श्रद्धालु भक्तों ने अभिषेक एवं निर्वाण लाडू चढ़ाकर पुण्य संचय किया। दोपहर में कुण्डलपुर क्षेत्र कमेटी प्रबंधकारिणी की बैठक संपन्न हुई जिसमें विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा का निर्णय लिए गए। कुंडलपुर कमेटी के पदाधिकारी सदस्यों की उपस्थिति रही। सायंकाल भक्तामर दीप अर्चना एवं पूज्य बड़े बाबा की संगीतमय महा आरती हुई।

## गुप्त नवरात्रि : देवी मंदिरों में कल 19 से शुरू होगा साधना का पर्व

**साधक भी सिद्धि पाने के लिए करेंगे उपासना**

**हटा।** सालभर चार नवरात्रों का विधान है। इनमें दो को प्रत्यक्ष नवरात्र मनाया जाता है। वहीं दो गुप्त नवरात्र का भी विधान है। इसके चलते देवी मंदिरों में उपासक साधना करते हैं। चारों नवरात्र को सिद्धि प्राप्त करने के लिए मान्य होते हैं। गुप्त नवरात्र को साधना का पर्व भी कहा जाता है। नगर के पीतांबरा पीठ मंदिर के पुजारी पंडित सोनू मिश्रा ने बताया की गुप्त नवरात्र में साधक सन्यासी, सिद्धि प्राप्त करने वाले तांत्रिक देवी की उपासना करते हैं। इस बार गुप्त नवरात्र का शुभारंभ 19 जनवरी से होगा, जो 27 जनवरी तक प्रभावी रहेगा। इस दौरान देवी की दस महाविद्याओं की पूजा की जाती है। जिनका तंत्र शक्तियों और सिद्धियों में विशेष महत्व है। जबकि प्रत्यक्ष नवरात्र में गृहस्थ जीवन व्यतीत करने वाले लोग भी मां दुर्गा के 9 रूपों की पूजा करते है।

### पुरोहितों से मनोरथ सिद्धि के लिए कराते हैं पूजा

महाराज ने बताया कि गुप्त नवरात्र में अगर आम जन चाहें तो किसी विशेष इच्छा की पूर्ति या सिद्धि के लिए साधना, उपासना और पाठ करके सिद्धि प्राप्त कर सकते हैं। पं. मिश्रा ने बताया कि शास्त्रों और पुराणों में भी नवरात्रि पर्व को साधना के लिए श्रेष्ठ बताया गया है। साल में चार नव रात्रियां आती हैं। इनमें दो गुप्त और दो प्रकट नवरात्रि होती है। आषाढ़ व माघ की नवरात्रि गुप्त नवरात्रि कहलाती है। गुप्त नवरात्रि को तंत्र साधना के लिए श्रेष्ठ माना जाता है। गुप्त नवरात्रि में दस महाविद्या, जिसे दस माता के रुप में जाना जाता है, उनकी आराधना की जाती है। इसके लिए कई लोग पुरोहितों से भी मनोरथ सिद्धि के लिए पूजा करवाते हैं।

### मंदिरों में की जाएगी आराध्य देवी की आराधना

मां चंडी जी मंदिर के पुजारी पंडित नीरज गोस्वामी ने इनके नामों का जिक्र करते हुए बताया कि काली, तारा, षोडषी, भुवनेश्वरी, भैरवी, छिन्नमस्तका, धूमावती, बगलामुखी, मातंगी और कमला की आराधना साधकों द्वारा की जाती है। इनकी आराधना से कोर्ट में विजय, संतान सुख, मारण, उच्चाटन, विद्वेषण, मोहन, आकर्षण जैसे कई लाभ प्राप्त होते हैं। राजनीतिक सफलता, पद प्राप्ति एवं कई साधक आत्मसुख की प्राप्ति के लिए भी इनकी अराधना करते हैं। इस साल भी देवी मंदिरों में आराध्य देवी की आराधना करते हुए लोग नवरात्रि के दौरान व्रत नियम का पालन करते हैं। गुप्त नवरात्रि के दौरान 23 जनवरी को वसंत पंचमी पर्व रहेगा। इस दिन देवी सरस्वती की पूजा उपासक भक्तिभाव से करते हैं।

## सागौनी रेंज की कुलुआ बीट में दिखा गिद्धों का दुर्लभ झुंड

**विलुप्तप्राय प्रजाति की मौजूदगी ने जगाई उम्मीद**



**बनवार।** दमोह जिले के सागौनी वन परिक्षेत्र में आज जैव विविधता के प्रेमियों के लिए अनोखा दृश्य देखने को मिला। नोहटा सर्किल की कुलुआ बीट के घांघरी प्लांटेशन के पास एक मृत मवेशी के आसपास गिद्धों का बड़ा झुंड इकट्ठा दिखाई दिया। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार मृत पशु के पास दर्जनभर से अधिक गिद्ध देखे गए, जबकि कुछ आस-पास के पेड़ों पर बैठे नजर आए। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और झुंड की गतिविधियों का निरीक्षण किया। वन अधिकारियों ने बताया कि वर्षों बाद इतनी संख्या में गिद्धों का एक साथ दिखाई देना दुर्लभ और उत्साहजनक है। अनुमान है कि गिद्ध भोजन की तलाश में इस क्षेत्र में आए होंगे। वन सूत्रों के अनुसार यह झुंड सिंगौरगढ़ वल्चर पॉइंट से आया हो सकता है। आसपास की पहाड़ियों में गिद्धों की उपस्थिति पहले भी दर्ज की जा चुकी है, और विशेषज्ञ मानते हैं कि यह समूह भोजन की खोज में सागौनी रेंज तक पहुंचा है। विशेषज्ञों के अनुसार गिद्ध पारिस्थितिकी तंत्र के महत्वपूर्ण अंग हैं। मृत जानवरों को खाकर यह संक्रमण और बीमारियों को फैलने से रोकते हैं। लेकिन पिछले वर्षों में पशुओं में इस्तेमाल होने वाली पेन किलर दवाओं, जैसे डाइक्लोफिनेक, और पर्यावरणीय दबावों ने उनकी संख्या कम कर दी है। स्थानीय लोग वन विभाग से इस प्रजाति की सुरक्षा और भोजन स्त्रोत की निगरानी बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। वन विभाग ने भी क्षेत्र में गिद्धों की गतिविधियों पर नजर रखने और आवश्यक संरक्षण उपाय करने का भरोसा दिया है। सागौनी रेंज में गिद्धों का यह झुंड न केवल आशा की किरण है, बल्कि यह दर्शाता है कि विलुप्तप्राय प्रजातियां अभी भी सुरक्षित रहने के प्रयासों से जीवित हैं।

# बुंदेली दमोह महोत्सव में भक्ति, खेल और संस्कृति का संगम

**आज मंच पर मननप्रीत सिंह बिखेरेंगे सुरों का जादू**



**दमोह।** शहर के तहसील ग्राउंड में बुंदेली गौरव न्यास के तत्वावधान में आयोजित बुंदेली दमोह महोत्सव अपने रंग-बिरंगे आयोजन पूरे सुंदरता के साथ आयोजित है महोत्सव के दूसरे दिन सांस्कृतिक, धार्मिक एवं खेल गतिविधियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। भजन मंडली प्रतियोगिता के अंतर्गत विभिन्न भजन मंडलियों ने भावपूर्ण भजनों की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा। वहीं दोपहर से तहसील ग्राउंड सहित अन्य स्थानों पर आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में खो-खो, बॉक्सिंग, एथलेटिक्स, रनिंग, भाला फेंक, शॉट पुट, लंबी कूद सहित कई खेल शामिल रहे। इन प्रतियोगिताओं में दमोह जिले के सातों विकासखंडों की टीमों ने अलग-अलग मुकाबलों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। शाम के सत्र में नृत्य श्री प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें चयनित प्रतिभागियों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर अपनी कला का शानदार परिचय दिया। इसके पश्चात स्थानीय आर्केस्ट्रा द्वारा प्रस्तुत फिल्मी गीतों पर दर्शक झूमते-थिरकते नजर आए, जिससे माहौल पूरी तरह उत्सवमय बन गया। महोत्सव के आगामी कार्यक्रमों को लेकर दर्शकों में खासा उत्साह है। आज पंजाब के प्रसिद्ध पॉप सिंगर मननप्रीत सिंह अपनी गायकी से मंच पर समां बांधेंगे। साथ ही भारतीय परिधान फैंसी ड्रेस कार्यक्रम एवं स्वर श्री कार्यक्रम के माध्यम से सुरों का अद्भुत संगम बुंदेली मेला के मंच पर देखने को मिलेगा। मेले के सभी पदाधिकारियों एवं बुंदेली गौरव न्यास के सदस्यों ने दमोह नगर वासियों से अपील की है कि वे परिवार सहित महोत्सव में शामिल होकर बुंदेली संस्कृति, कला और परंपरा के इस भव्य आयोजन का आनंद लें।

## शहीद स्तंभ को लेकर कलेक्टर ने प्रशासनिक फैसला किया स्थगित

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने शहीद स्तंभ एवं ऐतिहासिक स्मारकों के संरक्षण को लेकर सामने आई जन प्रतिक्रियाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा सोशल मीडिया और विभिन्न मंचों पर आई प्रतिक्रियाएं यह दर्शाती हैं कि दमोह वास्तव में जागरूक, जिंदादिल और अपनी धरोहरों के प्रति संवेदनशील लोगों का शहर है।कलेक्टर श्री कोचर ने कहा आमजनों द्वारा लिए गए निर्णय के बाद समाज के विभिन्न वर्गों से सकारात्मक व नकारात्मक दोनों प्रकार की प्रतिक्रियाएं सामने आईं, जिनका वे स्वागत और अभिनंदन करते हैं। उन्होंने कहा यही संवाद और चर्चा किसी भी पवित्र स्मारक या शहीद स्तंभ के संरक्षण की दिशा में एक स्वस्थ पहल है। कलेक्टर श्री कोचर ने स्पष्ट किया कि यदि समाज चाहता है कि पवित्र स्मारक या शहीद स्तंभ के संरक्षण की दिशा में निर्णय स्वयं समाज द्वारा लिया जाए, तो प्रशासन पूरी तरह उनके साथ खड़ा है। यदि आमजन या समाज के वरिष्ठ नागरिक चाहते हैं कि मेरा पूर्व निर्णय वापस लिया जाए, तो मैं तत्काल उसे वापस लेने को तैयार हूं। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा प्रशासन और नगर पालिका हर संभव तकनीकी एवं प्रशासनिक सहयोग देने के लिए तैयार हैं। उन्होंने आगामी 26 जनवरी को ध्यान में रखते हुए कहा कि यदि उससे पहले या उसके बाद समाज स्तर पर विचार-विमर्श कर सर्वसम्मति से निर्णय लिया जाता है और समाज स्वयं आर्थिक अंशदान कर स्मारक को बेहतर स्वरूप देता है, तो यह पूरे जिले के लिए गौरव की बात होगी।

## सिद्ध पंडा बाबा धाम में भक्ति का संगम, हनुमान जी का सहस्त्रार्चन व शनि देव का भव्य अभिषेक

**तेंदूखेड़ा।** जबलपुर मार्ग स्थित प्रसिद्ध सिद्ध पंडा बाबा धाम में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में निरंतर जारी है। इसी क्रम में शनिवार को विशेष धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया। शनिवार के पावन अवसर पर यज्ञाचार्य पंडित आनंद कृष्ण शास्त्री के सान्निध्य में श्री संकट मोचन हनुमान जी का लड्डुओं के द्वारा सहस्त्रार्चन विधिवत रूप से संपन्न कराया गया। सहस्त्रार्चन के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार एवं भजन-कीर्तन से संपूर्ण यज्ञ स्थल भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो गया। श्रद्धालुओं ने हनुमान जी से अपने परिवार की सुख-समृद्धि एवं क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। इसके साथ ही भगवान शनि देव की विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर भगवान शनि देव को 100 किलो वजनी त्रिशूल अर्पित किया गया, जो भक्तों के बीच आकर्षण का केंद्र रहा। इस पुनीत आयोजन में यजमान के रूप में गुड्डू दुबे सपत्नीक उपस्थित रहे। साथ ही क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालु, ग्रामवासी एवं आसपास के क्षेत्र से आए भक्तजन उपस्थित होकर धार्मिक अनुष्ठानों के साक्षी बने और पूर्ण लाभ प्राप्त किया।

## राज्यमंत्री ने 15 लाख रूपए से निर्मित भवन का किया लोकार्पण



**तेंदूखेड़ा।** जबेरा विधानसभा अंतर्गत जनपद तेंदूखेडा की ग्राम पंचायत सहजपुर के 27 मील में स्थित पवित्र एवं श्रद्धा के प्रमुख केंद्र सिद्ध क्षेत्र पंडा बाबा में 15 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित सामुदायिक भवन का राज्य मंत्री धमेन्द्र सिंह लोधी ने विधिवत लोकार्पण किया गया। यह सामुदायिक भवन क्षेत्र के ग्रामीणजनों के लिए सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक गतिविधियों के आयोजन के लिए एक सशक्त केंद्र के रूप में उपयोगी सिद्ध होगा। राज्य मंत्री श्री लोधी ने कहा कि इसके निर्माण से न केवल स्थानीय नागरिकों को विवाह, बैठकें, सामाजिक कार्यक्रम एवं अन्य सामूहिक आयोजनों के लिए एक सुसुविधायुक्त स्थान उपलब्ध होगा, बल्कि दूर-दराज से दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं एवं भक्तजनों को विश्राम एवं ठहराव की समुचित सुविधा भी प्राप्त होगी। इस अवसर पर मैंने यह संकल्प दोहराया कि जबेरा विधानसभा क्षेत्र की प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर एक सामुदायिक भवन का निर्माण सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे ग्रामीण अंचलों में सामाजिक समरसता को बल मिले तथा जनसुविधाओं का निरंतर विस्तार हो सके। मैं सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्रवासियों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ तथा विश्वास दिलाता हूँ कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास हेतु इस प्रकार के जनहितकारी कार्य निरंतर किए जाते रहेंगे। 1114कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि मूरत सिंह लोधी, नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश जैन पार्षद कमलेश शर्मा सांसद प्रतिनिधि डॉ परम सिंह लोधी सरपंच रघुनाथ पाल वन समिति अध्यक्ष गुड्डू दुबे पंडित नर्मदा प्रसाद दुबे विधायक प्रतिनिधि राजीव जैन राजू रसिया नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सतेन्द्र जैन युवा मनीष सोनी युवा मोर्चा अध्यक्ष शुभम जैन युवा नेता राजकुमार लोधी नरगुवा राहुल लोधी एवं ( आरईएस से उपयंत्री खेमसींग मरावी) सहित अनेक जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक, कार्यकर्ता अधिकारी गण एवं बडी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# इंदौर घटना को लेकर कांग्रेसियों ने रखा उपवास



**दमोह।** इंदौर के भागीरथ पुरा में दूषित पानी से हुई मौतो को लेकर एवं मनरेगा का नाम बदलने को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेसजनों के साथ नेहरू पार्क में दोपहर 12 बजें से लेकर शाम 4 बजे तक उपवास रखकर भाजपा सरकार को सदबृद्धि एवं दोषी अफसर महापौर नगरीय प्रशासन मंत्री को बर्खास्त करने की मांग की जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मानक पटेल भाजपा की मोहन सरकार जहरीला पानी परोसकर लोगों के जीवन से खिलवाड़ कर रही है। दमोह जिले में जहॉ भी तालाब है वह बदबू से बजबजा रहे है पानी की पाइप लाइने नालियो में से डाली जा रही है। पूर्व विधायक अजय टंडन, पूर्व नपाध्यक्ष मनु मिश्रा ने कहा कि हमारे जिले से दो दो मंत्री है उनको चाहिये कि जहॉ भी जल स्त्रोत है वह स्वच्छ पानी के लिये टीम गठित करे जिससे पेयजल पानी से इस प्रकार का कोई हादसा न हो पाये। निधि श्रीवास्तव, परम यादव, प्रदीप पटेल, विजय बहादुर, मदन सुमन, डी.पी. पटैल, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, वीरेन्द्र राजपूत, नितिन मिश्रा, बबलू भटट, मुख्तार जाफरी, रोहन पाठन, वीरेन्द्र चौबे, संजय सेठ, प्रमेश सिरोठिया, कमला निषाद, मंजीत यादव, दिनेश रैकवार, बंसत कुशवाहा, मुकेश रोहिताश, दृगपाल सिंह, डिम्पल सेन, के.के. वर्मा, प्रवेन्द्र चंद्रकार, शानु जुनेजा, अजय जाटव, अमित बुधौल्या, रियाज खान ने भी कहा कि भाजपा की वह सरकार मौत की सौदागर सरकार है इतनी बड़ी घटना और भाजपा सरकार की चुप्पी साधना कई सवाल को खडे करती है क्यों वह जिम्मेदारी को बचा रही है। ऐसे नेताओं का क्यों अभिनंदन कर रही है। भाजपा सरकार नगर के पार्षद विक्रम ठाकुर, पप्पू कसोटया, अमर सिंह, जीसान पाठन, राजा रौतेला, शैलेन्द्र सिंह, गोपाल मास्टर, मिक्की चंदेल ने भी कहा कि जबसे उक्त हादसा हुआ है वह अपने अपने वार्डो में पानी की मानीटरिंग कर रहे है और जहां भी अव्यवस्था है उसे शासन प्रशासन से अवगत करा रहे है। इस अवसर पर एमएम राही हिण्डोरिया, शेरू कुशवाहा, मानक अहिरवार, शेख सलीम बैटरी, सलीम खान, श्रीकांत पटैल, मुकेश सोनी सहित अनेको कांग्रेसजनों की उपस्थिति रही एवं गुड्डन रैकवार की टीम ने भजन रद्युपति राघव राजाराम गीत गाकर उपास स्थाल पर अपनी अनुपम प्रस्तुति दी अंत में सभी ने जूस पीकर उपवास खत्म किया।


**श्री दिगम्बर जैन सिद्धक्षेत्र कुण्डलगिरि, कुण्डलपुर**
**सार्वजनिक न्यास**
पो. कुण्डलपुर, तह.पटेरा, जिला-दमोह (म. प्र.) पिनकोड-470773
संपर्क- 7771835891, 7771834880

क्रमांक : प्र.ले.का.कु./आमसभा/2025-26/0176 दिनांक : 17.01.2026

**आमसभा की सूचना**

श्री दिगम्बर जैन सिद्धक्षेत्र कुण्डलगिरि, कुण्डलपुर सार्वजनिक न्यास 17 'ह' के सामान्य सभा के सदस्यों को सूचित किया जाता है, कि न्यास की वार्षिक आमसभा की बैठक दिनांक 01.02.2026 दिन - रविवार को दोपहर 01.00 बजे से विद्याभवन कुण्डलपुर क्षेत्र में आयोजित है । जिसमें सामान्य सभा के सदस्यों की उपस्थिति प्रार्थनीय है । निश्चित समय पर कोरम पूर्ण ना होने की स्थिति में आयोजित बैठक आधा घंटे के लिए स्थगित की जावेगी, जो आधा घंटे पश्चात पुन: उसी स्थान पर प्रारंभ होगी। जिसमें कोरम की आवश्यक्ता नहीं होगी ।

**-: विषय सूची :-**

1. विगत आमसभा दिनांक 08.02.2025 की बैठक की कार्यवाही का वाचन एवं पुष्टि करना ।
2. वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंकेक्षित आय - व्यय पत्रक चार्टर्ड एकाउंटेंट के. सी. कौशल एंड कं. जबलपुर से अंकेक्षण होकर प्राप्त हुए है, जिसका अवलोकन कर पारित करना ।
3. वर्ष 2026-27 का अनुमानित बजट जो तैयार किया गया है, का अवलोकन कर स्वीकृति प्रदान करना
4. वर्ष 2026-27 के वित्तीय पत्रकों का अंकेक्षण करने हेतु चार्टर्ड एकाउंटेंट की नियुक्ति करने बावत् विचार एवं निर्णय करना ।
5. क्षेत्र का वार्षिक प्रतिवेदन का वाचन महामंत्री द्वारा ।
6. श्री बड़े बाबा मंदिर निर्माण की जानकारी प्रभारी द्वारा प्रस्तुति ।
7. अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से ।

नोट: 1 - अंकेक्षित वित्तीय पत्रक के कार्यालय पटल पर देखे जा सकते है।
2- आमसभा में केवल सामान्य सभा के सदस्य ही उपस्थित रह सकेगें ।
3 - सामान्य सभा के सदस्यों की सूची कुण्डलपुर क्षेत्र स्थित कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा है

भवदीय
इंजी. आर. के. जैन
महामंत्री